हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## निर्विरोध चुनाव का ऐतिहासिक है रिकॉर्ड

रनई के ग्रामवासियों ने एक बार फिर मतदान की आवश्यकता ही नहीं पड़ने दी और आपसी सहमति से सरपंच और 15 पंचों का चयन किया। यह सिलसिला आजादी के बाद से लगातार चला आ रहा है और एक मिसाल बन चुका है। निर्विरोध चयन की घोषणा के बाद गांव में उत्सव का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने इसे आपसी भाईचारे और सामंजस्य की जीत बताया।



# आजादी के बाद से इस गांव में कभी नहीं हुआ चुनाव इस बार फिर सर्वसम्मति से चुन लिए गए पंच और सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर

**खास खबर**

एक ओर जब त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए प्रदेश समेत जिलेभर में गहमागहमी बनी हुई है, ऐसे में लोकतंत्र की मिसाल पेश करते हुए कोरिया जिले की जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रनई ने एक बार फिर निर्विरोध सरपंच और 15 पंचों का चयन कर अपनी ऐतिहासिक परंपरा को कायम रखा है। आजादी के बाद से इस गांव में कभी चुनाव नहीं हुआ और यह परंपरा आज भी बरकरार है। रनई ग्राम में सौहार्द और आपसी सहमति से प्रतिनिधियों का चयन किया जाता है, जिससे बिना किसी ▶▶|शेष पेज 5 पर



## रिकार्ड बरकरार, एकता की मिसाल

### अन्य पंचायतों के लिए बना मिसाल

रनई ग्राम पंचायत की यह लोकतांत्रिक परंपरा अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणादायक और मिसाल है, जहां चुनावी प्रतिस्पर्धा की जगह आपसी सहमति से नेतृत्व तय किया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस परंपरा से पंचायत में शांति बनी रहती है और विकास कार्य बिना किसी राजनीतिक विवाद के संचालित होते हैं।

### ये चुने गए निर्विरोध सरपंच-पंच

रनई में इस बार बबीता ठकुरिया सरपंच, गीता शुक्ला उप सरपंच, पंचों में यशोदा ठकुरिया, आशा दुबे, सुमित्रा पटेल, लता विश्वकर्मा, वेदमति साहू, ज्योति सिंह, हीरामनी पंडो, राधा साहू, सोनकुंवर कोल, शशि कोल, लीलाकोल, श्यामवती कोल, चंद्रमनी एवं सोनकुवंर कोल शामिल हैं।

### नामांकन नहीं किए हैं दाखिल

जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रनई में सरपंच पद और 15 पंचों के लिए निर्धारित समयावधि तक किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया, क्योंकि सभी पदों पर आम सहमति से चयन हुआ। यहां हर बार गांव के लोग आपसी सहमति से अपने प्रतिनिधियों का चयन करते हैं, इसकी जानकारी मुझे मिली है।

**- ए पन्ना,** एआरओ बैकुंठपुर

### पूर्वजों के समय से कायम है परंपरा

रनई की इस परंपरा को बनाए रखने में हमारे पूर्वजों का अहम योगदान रहा। जिसे आज भी कायम हम लोग रखे हुए हैं। हर बार बिना किसी विवाद के जन प्रतिनिधियों का चयन करते हैं। इस अनूठी परंपरा ने एक बार फिर रिकॉर्ड बना दिया है, जहां दशकों से बिना किसी चुनावी प्रतिस्पर्धा के पंचायत संचालन होता आ रहा है।

**- योगेश शुक्ला,** सचिव पीसीसी

## खबर संक्षेप

### चर्चित दलित महिला हत्याकांड में तीन गिरफ्तार

**अयोध्या।** यूपी पुलिस ने एक दलित महिला की कथित हत्या के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिसका



शव शनिवार को एक नहर से बरामद किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करण नायर ने बताया कि हरि राम कोरी, विजय साहू और दिग्विजय सिंह ने शराब के नशे में अपराध को अंजाम दिया और घटना के बाद शव को नहर में फेंक दिया।

### भाजपा विधायक के भाई ने की बेटे की गोली मारकर हत्या

**उज्जैन।** मप्र के उज्जैन में विवाद के बाद भाजपा विधायक के भाई ने अपने 30 वर्षीय बेटे की लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर हत्या कर



दी। पुलिस ने बताया कि घटना सुबह करीब 9.15 बजे माकड़ोन तहसील में हुई। भाजपा विधायक सतीश मालवीय के बड़े भाई मंगल मालवीय ने 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक से अपने बेटे को गोली मार दी।

### आतंकी हमले में पूर्व सैनिक की मौत, पत्नी समेत दो घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सोमवार को हुए एक आतंकवादी हमले में एक पूर्व सैन्यकर्मी की मौत हो गई और



उनकी पत्नी तथा एक रिश्तेदार समेत दो लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने जिले के बेहिबाग इलाके में मंजूर अहमद वागे, उनकी पत्नी और एक संबंधी को गोली मार दी।

### मानहानि मामले में कांग्रेस सांसद शशि थरूर को समन

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर द्वारा दायर किए गए मानहानि मामले में कांग्रेस सांसद



शशि थरूर को समन जारी किया। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने सुनवाई की तारीख 28 अप्रैल तय की। चंद्रशेखर ने थरूर से सार्वजनिक तौर पर माफी की मांग करते हुए 10 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगा।

### अमृतसर में पाक सीमा के निकट दो ड्रोन जब्त

**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप एक खेत से एक तथा पास से ही एक



और ड्रोन जब्त किया गया। बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ के जवानों ने रविवार को अमृतसर के सीमावर्ती इलाके में तलाश अभियान चलाया।

---

बसंत पंचमी पर तीसरा अमृत स्नान, हर–हर महादेव के जयघोष से पूरा संगम तट गूंज उठा

# दिव्य महाकुंभ... आखिरी अमृत स्नान के लिए त्रिवेणी पर जन-सैलाब, अब अखाड़ों की विदाई

**भीड़ इतनी कि 10 किलोमीटर तक जाम के हालात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| प्रयागराज

अमृत स्नान के दौरान साधु-संतों पर हेलिकॉप्टर से फूलों की बारिश की गई। तीसरे अमृत स्नान में लगभग 2 करोड़ से ज्यादा लोगों ने गंगा के विभिन्न तटों पर डुबकी लगाई। महाकुंभ का यह स्नान धार्मिक आस्था का सबसे बड़ा प्रतीक माना जाता है। जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालु साधुओं का आशीर्वाद लेने के लिए उमड़ पड़े, कई लोग उनके चरणों की रज तक माथे पर लगाते नजर आए।

श्रद्धालुओं, साधु-संतों और महामंडलेश्वरों ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई और स्नान के बाद दान-पुण्य किया। महाकुंभ का डिजिटल स्वरूप आकर्षण का केंद्र बना है। संगम तट पर श्रद्धालुओं ने संतों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया, जिससे माहौल और भव्य बन गया। अमृत स्नान के लिए ज्यादातर अखाड़ों का नेतृत्व कर रहे इन नागा साधुओं का अनुशासन और उनका पारंपरिक शस्त्र कौशल देखने लायक रहा। कभी डमरू बजाते दिखे, तो कभी भाले और तलवारें लहराते हुए दिखे, इन साधुओं ने युद्ध कला का अद्भुत प्रदर्शन भी किया। लाठियां भांजते और अठखेलियां करते हुए ये साधु अपनी परंपरा और जोश का प्रदर्शन करते नजर आए। महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान में नागा साधुओं का नजारा देखते ही बनता था। सिर पर भभूत, हाथों में त्रिशूल और ▶▶|शेष पेज 5 पर

## साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद किया दान-पुण्य



बसंत पंचमी के अवसर पर महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान सोमवार को प्रातःकाल से शुरू हुआ। संगम तट पर नागा साधुओं ने सबसे पहले डुबकी लगाई। इसके बाद महानिर्वाणी और निरंजनी अखाड़े ने स्नान किया। नागा साधुओं ने पारंपरिक हथियारों, तलवार, त्रिशूल, गदा और शंख के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा।

### यह नर से नारायण की यात्रा : स्वामी भावेंद्र गिरी

पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के स्वामी भावेंद्र गिरि ने कहा कि त्रिवेणी संगम के लिए देव भी तरसते हैं कि कब हमें नर का रूप मिले। यह नारायण से नर और नर से नारायण की यात्रा है। यह बहुत पवित्र स्थान है। मैंने विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की।

### सदा दिवाली संत की, बारहों मास बसंत

जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने कहा कि सदा दिवाली संत की, बारहों मास बसंत, जिनपर चढ़ा प्रभु का रंग, उनका रंग अनंत। आज हमारे सबसे बड़े पर्व का स्नान था। हम संतों ने बेहदद अच्छे से स्नान किया।

### अखाड़े करेंगे काशी कूच

बता दें तीसरे अमृत स्नान के साथ ही प्रयागराज से अखाड़ों की विदाई शुरू हो जाएगी। अचला सप्तमी तक सभी शैव अखाड़े काशी की ओर प्रस्थान कर जाएंगे। काशी में होली तक प्रवास करने के बाद बाबा विश्वनाथ के साथ होली मनाने के बाद उनका कुंभ संपन्न होगा। इसके पश्चात सभी संन्यासी अपने-अपने स्थानों पर लौट जाएंगे। मौनी अमावस्या के दौरान संगम पर हुए हादसे के कारण दूसरा अमृत स्नान वैभव के साथ संपन्न नहीं हो सका था।

### नागा साधुओं की झलक ने मोहा मन







---

# जुनेजा का कार्यकाल समाप्त, अरुण गौतम हो सकते हैं प्रभारी डीजीपी







**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा का कार्यकाल 3 फरवरी को समाप्त हो गया। इनके बाद प्रदेश के अगले डीजीपी कौन होंगे, फिलहाल इसे लेकर आदेश जारी नहीं हुआ है। तीन सीनियर डीजी इस पद के दावेदार हैं। पैनल ▶▶|शेष पेज 5 पर

■ तीन अफसरों का पैनल यूपीएससी को भेजा गया

### इन नामों को भेजा गया है

राज्य सरकार ने नए डीजीपी की नियुक्ति के लिए तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नाम भेजे हैं। यूपीएससी को पवन देव, अरुण देव गौतम और हिमांशु गुप्ता के नामों का पैनल भेजा गया है। अरुण देव गौतम को सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

# कोल घोटाले में सूर्यकांत और उससे जुड़े लोगों की 50 करोड़ की संपत्ति अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोल घोटाले से जुड़े मामले में ईडी ने 30 जनवरी को सूर्यकांत तिवारी तथा उससे जुड़े लोगों की 49 करोड़ 73 लाख की संपत्ति अटैच की है। ईडी के अफसरों ने कोल घोटाला मामले में अब तक 270 करोड़ की संपत्ति को अटैच किया है। इसकी जानकारी ईडी ने एक्स के माध्यम से साझा की है।

ईडी द्वारा जारी बयान के मुताबिक कारोबारी, राजनेताओं तथा अफसरों की मिलीभगत से कोल ट्रांसपोर्ट करने के नाम पर जुलाई 2020 से जून 2022 के बीच कोल ट्रांसपोर्ट करने के एवज में 25 रुपए प्रति टन कमीशन वसूल किया गया। रकम की उगाही अफसरों और राजनेताओं को रिश्वत देने के लिए की गई। ईडी के आरोपों ▶▶|शेष पेज 5 पर

**ईडी घोटाले से जुड़े मामले में अब तक 270 करोड़ की संपत्ति अटैच कर चुकी**



### दो दर्जन से ज्यादा के खिलाफ जांच जारी

कोल घोटाला मामले में ईडी ने अब तक मामले से जुड़े 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिन लोगों को ईडी ने गिरफ्तार किया है, उनके खिलाफ ईडी कोर्ट में तीन अभियोजन दायर कर चुकी है। इसके अलावा कोल घोटाले से जुड़े अन्य 26 लोगों के खिलाफ ईडी को शिकायत मिली है, जिसकी ईडी जांच कर रही है।

---

तबला वादक जाकिर हुसैन को श्रद्धांजलि न देने पर आलोचना

# चंद्रिका टंडन ने 'त्रिवेणी' के लिए जीता ग्रैमी अवॉर्ड, भारतीय संगीत का बढ़ाया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय-अमेरिकी गायिका एवं उद्यमी चंद्रिका टंडन ने एल्बम 'त्रिवेणी' के लिए 'बेस्ट न्यू एज, एम्बिएंट या चैंट एल्बम' श्रेणी में ग्रैमी पुरस्कार अपने नाम किया। 'पेप्सिको' की पूर्व सीईओ इंद्रा नूयी की बड़ी बहन टंडन ने अपने सहयोगियों दक्षिण अफ्रीकी बांसुरी वादक वाउटर केलरमैन और जापानी सेलो वादक इरु मात्सुमोतो के साथ यह पुरस्कार जीता। 'रिकॉर्डिंग अकेडमी' द्वारा ▶▶|शेष पेज 5 पर



### टंडन का पहला ग्रैमी पुरस्कार

यह टंडन का पहला ग्रैमी पुरस्कार है। इससे पहले टंडन को 2009 में 'सोल कॉल' के लिए ग्रैमी पुरस्कार में नामांकन मिला था।

### बेयोंसे ने नामांकन में रचा इतिहास

बेयोंसे ने 'काउबॉय कार्टर' के लिए सर्वश्रेष्ठ कंट्री एल्बम का पुरस्कार जीता। इस बार ग्रैमी में उन्हें 11 नामांकन मिले थे।

### जाकिर हुसैन को नहीं दी श्रद्धांजलि, हुई किरकिरी

ग्रैमी अवॉर्ड्स का आयोजन आज किया गया। एक खास सेग्मेंट भी रखा गया था। इस सेगमेंट का नाम 'इन



मेमोरियम' था। इसमें दुनिया भर के उन तमाम म्यूजिक सितारों को सम्मान दिया गया, जो दुनिया को अलविदा कह चुके हैं। इन्होंने इसमें एक भारतीय नगीने जाकिर हुसैन को श्रद्धांजलि नहीं दी जिसकी तीखी आलोचना हो रही है।




संजीवनी CBCC कैंसर हॉस्पिटल
4 फरवरी, विश्व कैंसर दिवस: कैंसर का जल्दी पता चलने पर पूर्ण इलाज है संभव, आज ही विशेषज्ञ से मिलें
मरीजों के सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए पूर्ण NABH से मान्यता प्राप्त
UNIT I
UNIT II
UNIT III
संजीवनी व काले हॉस्पिटल का संयुक्त उपक्रम अतिशीघ्र जगदलपुर में
संजीवनी व श्रीराम केयर हॉस्पिटल का संयुक्त उपक्रम अतिशीघ्र बिलासपुर में
पूर्ण NABH से मान्यता प्राप्त, 25+ कैंसर व सम्बंधित विशेषज्ञ, 18 वर्षों का अनुभव
डॉ यूसुफ मेमन निदेशक एवं वरिष्ठ कैंसर सर्जन
डॉ विकास गोयल रक्त रोग एवं रक्त कैंसर विशेषज्ञ
डॉ अनिकेत ठोके कीमोथेरेपी विशेषज्ञ
डॉ अर्पण चतुरमोहता वरिष्ठ कैंसर सर्जन
डॉ दिवाकर पांडेय वरिष्ठ कैंसर सर्जन
डॉ राकेश मिश्रा मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट
डॉ विवेक पटेल वरिष्ठ कैंसर सर्जन
डॉ कल्याण पांडे वरिष्ठ कैंसर सर्जन
डॉ हितेन मिस्त्री एनेस्थिसिओलॉजिस्ट
डॉ रमेश कोठारी रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट
डॉ सतीश देवांगन रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट
डॉ फिरोज मेमन डाइबेटोलॉजिस्ट एंड नॉन इनवेसिव कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ अनिरुद्ध गुप्ता प्लास्टिक सर्जन
डॉ अविनाश तिवारी पेन एवं पैलिएटिव मेडिसिन विशेषज्ञ
डॉ सरीन कृष्णा कंसलटेंट, न्यूक्लिअर मेडिसिन
डॉ विलास मेषराम कंसलटेंट, न्यूक्लिअर मेडिसिन
डॉ राहुल गोयल एनेस्थिसिओलॉजिस्ट एंड इंटेंसिव केयर विशेषज्ञ
डॉ.शुभम असरानी रेडियोलाजिस्ट
डॉ पार्वती जोशी हिस्टो पैथोलोजिस्ट
डॉ योशिता मूलचंदानी एनेस्थिसिओलॉजिस्ट एंड इंटेंसिव केयर विशेषज्ञ
डॉ अन्नपूर्णा कुमारी हिस्टो पैथोलोजिस्ट
डॉ. नलनेश शर्मा फिजियोथेरेपिस्ट, क्लीनिकल रिहैबिलिटेशन
डॉ आमिर हुसैन पैथोलोजिस्ट
हम कैंसर के खिलाफ इस संघर्ष में हर कदम आपके साथ खड़े हैं
छत्तीसगढ़ का एक अत्याधुनिक सम्पूर्ण कैंसर हॉस्पिटल
जहां एक ही छत के नीचे निम्नलिखित एडवांस्ड सुविधाएं उपलब्ध
कैंसर सर्जरी
कीमोथेरपी
रैपिड आर्क रेडियोथेरपी
रोबोटिक कैंसर सर्जरी
PET, PSMA, DOTA
3D 4K लैपरोस्कोपिक सर्जरी
स्पैक्ट, आयोडीन थेरपी
I.H.C., फ्रोज़न, हिस्टो पैथ
बोन मैरो ट्रांसप्लांट
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर
7389905010, 04010, +91 7714081010, 4061010
विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर
निम्न लक्षणों के प्रति जागरूक रहें
थकान
त्वचा के नीचे गांठ या मोटापन महसूस होना
वजन में बदलाव, जिसमें अनपेक्षित रूप से वजन कम होना या बढ़ना शामिल है
घाव जो ठीक नहीं होते, या मौजूदा मस्सों में बदलाव
आंत्र या मूत्राशय की आदतों में बदलाव
लगातार खांसी या सांस लेने में परेशानी
निगलने में कठिनाई
स्वर बैठना, आवाज में बदलाव
खाने के बाद लगातार अपच या बेचैनी
लगातार, अस्पष्टीकृत मांसपेशियों या जोड़ों में दर्द
लगातार, अस्पष्टीकृत बुखार या रात में पसीना आना
अस्पष्टीकृत रक्तस्राव या चोट लगना

रायपुर, मंगलवार, 4 फरवरी 2025 | माघ शुक्ल षष्ठी | वर्ष : 23, अंक : 199 | पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### ब्लू प्रिंट भी जारी, 5वीं की परीक्षा 50 अंकों और 8वीं की परीक्षा 100 अंकों की



- असमंजस खत्म, संचालनालय ने जारी की समय-सारिणी
- पूरक परीक्षाएं एक जून से, केंद्रीकृत होगा मूल्यांकन

**खास खबर**

# लौटा बोर्ड एग्जाम...पांचवी 17 व आठवीं की परीक्षा 18 मार्च से, 20% अंकों का प्रोजेक्ट वर्क, 'उत्तीर्ण होने की राह' इससे ही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तमाम अटकलों पर विराम लगाते हुए लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा अंततः 5वीं और 8वीं कक्षा की समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। पांचवी की परीक्षाएं 17 मार्च से प्रारंभ होंगी और 8वीं कक्षा की परीक्षा 18 मार्च से प्रारंभ हो रही हैं। समय-सारिणी के साथ ही डीपीआई द्वारा ब्लू प्रिंट और परीक्षा संबंधित दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। खास बात यह है कि दोनों ही कक्षाओं में विद्यार्थियों को परीक्षा से पहले प्रोजेक्ट वर्क दिए जाएंगे। इसके 20% अंक निर्धारित रहेंगे। एक तरह से यह छात्रों के लिए उत्तीर्ण होने की राह साबित होगा। विद्यार्थियों को उत्तीर्ण होने के लिए 33% अंक चाहिए होते हैं। यदि विद्यार्थी विद्यालय स्तर पर होने पर प्रोजेक्ट वर्क में पूरे अंक ले आते हैं तो उन्हें लिखित परीक्षा में मात्र 13% अंक ही लाने होंगे। गौरतलब है, डीपीआई ने जिला शिक्षा अधिकारियों को 31 जनवरी को ▶▶ शेष पेज 05 पर




### इस तरह की व्यवस्थाएं

- छात्र परीक्षाएं अपने विद्यालय में ही दिलाएंगे, लेकिन केंद्राध्यक्ष दूसरे विद्यालय के प्रधान पाठक को बनाया जाएगा।
- जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा 28 फरवरी तक विद्यार्थियों को रोल नंबर आवंटित कर दिए जाएंगे।
- सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के छात्रों को छोड़कर सीजी बोर्ड के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय और प्राइवेट स्कूल अनिवार्य रूप से इस परीक्षा का हिस्सा होंगे।
- परीक्षाओं से पूर्व स्कूल छात्रों को दो-दो प्रोजेक्ट वर्क प्रदान करेंगे। इसका मूल्यांकन शाला स्तर पर होगा।
- पूरक परीक्षाएं एक जून से होंगी। सभी विषयों में फेल छात्र भी इसमें शामिल होने के लिए पात्र होंगे।
- एक विकासखंड की उत्तरपुस्तिका दूसरे विकासखंड में जांची जाएंगी। केंद्रीकृत मूल्यांकन किया जाएगा।

### समय सारिणी

**कक्षा-पांचवी**

17 मार्च : गणित
21 मार्च : अंग्रेजी
24 मार्च : हिंदी
27 मार्च: पर्यावरण

**कक्षा-आठवीं**

18 मार्च: गणित
22 मार्च: हिंदी
26 मार्च: इंग्लिश
29 मार्च: सामाजिक विज्ञान
1 अप्रैल: विज्ञान
3 अप्रैल : संस्कृत अथवा उर्दू

### विपक्षी दलों ने भगदड़ में हुई 30 लोगों की मौत को लेकर सरकार से जवाब मांगा

# संसद में 'भगदड़', विपक्ष बोला, सरकार छिपा रही आंकड़े, मंत्री बोले-साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

*संसद के बजट सत्र में दोनों सदनों में प्रयागराज में हुए महाकुंभ भगदड़ पर भारी हंगामा हुआ। विपक्षी दलों ने भगदड़ में हुई 30 लोगों की मौत को लेकर सरकार से जवाब मांगा। लोकसभा में 'कुंभ पर जवाब दो' के नारे गूंजते रहे। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों को समझाइश भी दी लेकिन वे नहीं माने। विपक्षी सांसद वेल में आकर विरोध जताने लगे और वॉकआउट कर गए। वहीं भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि महाकुंभ में हुई घटना की जांच चल रही है। जांच से हमें साजिश की बू आ रही है। जब पूरी जांच हो जाएगी तो घटना के पीछे जो लोग थे, उन्हें शर्म से सिर झुकाना पड़ेगा।*

संसद का सत्र शुरू होने के साथ ही समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने खास तौर पर इस मुद्दे पर सरकार को घेरा और मृतकों की सूची जारी करने की मांग की। विपक्ष ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार मृतकों की वास्तविक संख्या छिपा रही है। इस मुद्दे पर विवाद बढ़ने के बाद कांग्रेस समेत दूसरी विपक्षी पार्टियां सदन से वॉकाउट कर गईं। हालांकि, करीब घंटे भर बाद विपक्षी पार्टियां सदन में लौटीं और बहस शुरू हुई। इधर राज्य सभा में कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, दिग्विजय सिंह, टीएमसी की सागरिका घोष, सपा के जावेद अली और रामजी लाल सुमन, व सीपीआई के जॉन ब्रिटास ने सरकार से जवाब मांगा। सदन में लोकसभा स्पीकर ने संक्षिप्त उत्तरों के साथ विपक्षी सांसदों के 18 सवाल लिए। प्रश्नकाल के दौरान मंत्रियों ने इन सवालों का जवाब दिया।

### सरकार ने तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई

महाकुंभ भगदड़ की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया है। इस आयोग का काम भगदड़ के कारणों और परिस्थितियों की जांच करना होगा। आयोग इस बात की जांच करेगा कि इस घटना के पीछे क्या कारण थे और किस तरह से यह हादसा हुआ। इसके अलावा, आयोग को भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सिफारिशें देने का जिम्मा सौंपा गया है। सरकार ने आदेश दिया है कि इस जांच रिपोर्ट को एक महीने के भीतर प्रस्तुत किया जाए।



### रविशंकर ने दिया भगदड़ पर जवाब

लोकसभा में बिहार के पटना साहिब से भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने महाकुंभ भगदड़ पर विपक्ष के सवालों के जवाब दिए। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि महाकुंभ में हुई घटना की जांच चल रही है। जांच से हमें साजिश की बू आ रही है। जब पूरी जांच हो जाएगी तो घटना के पीछे जो लोग थे, उन्हें शर्म से सिर झुकाना पड़ेगा।

### स्पीकर भड़के

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सदन में व्यवस्था बनाए रखने की अपील की, लेकिन विपक्षी सांसदों ने विरोध जारी रखा। इस पर ओम बिरला ने नाराज होते हुए कहा कि आप लोगों को जनता ने सवाल पूछने के लिए संसद भेजा है या मेज तोड़ने।

### खड़गे बोले- कुंभ में हजारों लोग मरे

राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि महाकुंभ में पिछले दिनों भगदड़ के दौरान 'हजारों' लोगों की मौत हो गई जिस पर सदन में हंगामा हुआ। खड़गे ने कहा कि मेरा कहना है कि महाकुंभ भगदड़ में एक हजार लोग मारे गए, अगर आप कहते हैं कि मैं गलत हूं तो कम से कम वहां हुई मौतों की सही संख्या की रिपोर्ट जारी कर दें।

**राहुल ने बोला हमला**

### मेक इन इंडिया पहल में फेल हुए पीएम मोदी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने उत्पादन बढ़ाने के लिए मेक इन इंडिया पहल शुरू की। इसका नतीजा आपके सामने है। 2014 में मैनुफैक्चरिंग जीडीपी 15.3% से गिरकर आज जीडीपी के 12.6% पर आ गई है, जो 60 वर्षों में मैन्यूफैक्चरिंग का सबसे कम हिस्सा है। मैं प्रधानमंत्री को दोष नहीं दे रहा हूं, यह कहना उचित नहीं होगा कि उन्होंने कोशिश नहीं की। मैं कह सकता हूं कि प्रधानमंत्री ने कोशिश की लेकिन वह इसमें असफल रहे। राहुल ने कहा कि पहले हम तेजी से बढ़ रहे थे, अब हमारे आगे बढ़ने की रफ्तार कम हो गई है। बेरोजगारी एक ऐसी समस्या है जो हमेशा से बरकरार है। हम इससे निपटने में सक्षम नहीं हो पाए हैं। न तो यूपीए सरकार और न ही मौजूदा एनडीए सरकार। इस देश के युवाओं को रोजगार के बारे में कोई स्पष्ट जवाब दे पाई है। राहुल ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कहा कि मैंने पिछली बार भी लगभग इसी तरह का राष्ट्रपति का अभिभाषण सुना था। ऐसा लग रहा था कि यह सरकार की ओर से किए गए काम की लिस्ट है।



# भाजपा के 20 वादे

## पट्टाधारकों को भू स्वामी बनाएंगे, महिलाओं को संपति टैक्स में 25 फीसदी छूट




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगरीय निकाय चुनावों के लिए भाजपा ने अपना घोषणा पत्र अटल विश्वास पत्र के नाम से जारी किया है। घोषणा पत्र में 20 वादे किए गए हैं। अहम वादों में नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए कानून बनाकर पट्टा धारकों को भूस्वामी बनाने की बात है। इसी के साथ महिलाओं के नाम पर संपत्ति होने पर 25 फीसदी छूट, स्कूल और कालेजों में फ्री वाई-फाई और सैनिटेरी नेपकिन बांटने का वादा है। घोषणा पत्र मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जारी किया और कहा हमने जिस तरह से विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी दी थी और उसको पूरा करने ▶▶ शेष पेज 05 पर

- स्कूल-कॉलेजों में फ्री वाई-फाई, छात्राओं को फ्री सैनिटरी नैपकिन देंगे

### मोदी की गारंटी की तरह करेंगे सभी वादे पूरे : साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, हमारी सरकार ने जिस तरह से मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया है, उसी तरह से नगरीय निकाय चुनाव के लिए जो भी वादे किए जा रहे हैं सभी को पूरा किया जाएगा। कांग्रेस ने निकायों में अराजकता फैलाई। निकायों को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था। हमारी सरकार में सभी निकाय ▶▶ शेष पेज 05 पर

### ये हैं 20 वादे

- नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए कानून बनाकर पट्टा धारकों को भूस्वामी बनाएंगे।
- शहरी क्षेत्रों में तीन लाख पीएम आवास का काम तेजी से करेंगे बिजली बिल और समेकित कर पटाने वालों को आवास बनाने की पात्रता दी जाएगी।
- महिलाओं के नाम पर जो संपत्ति होगी, उसमें संपत्ति कर में 25 फीसदी की छूट देंगे। हर माह की सात तारीख से पहले संपत्ति कर जमा करने पर दस फीसदी की विशेष छूट।
- हर नगर निगम में बनेगी सम्मान निधि। यूपीएससी की मुख्य परीक्षा पास करने वालों को दिए जाएगी एक-एक लाख की प्रोत्साहन राशि।
- हर नगरीय निकाय के व्यवसायिक केंद्र में बिजली, सड़क, ▶▶ शेष पेज 05 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### रुपया पहली बार 87 प्रति डॉलर के स्तर से नीचे

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया 55 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 87.17 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पहली बार रुपया 87 प्रति डॉलर से नीचे गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा, मेक्सिको और चीन पर शुल्क लगाने संबंधी आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद व्यापक व्यापार युद्ध की आशंका के बीच स्थानीय मुद्रा में यह भारी गिरावट आई है।



### राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी को ब्रेन स्ट्रोक

**अयोध्या।** अयोध्या के राम जन्म-भूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास (85) की 'ब्रेन स्ट्रोक' के कारण तबीयत बिगड़ गई और उन्हें लखनऊ के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। अस्पताल ने एक बयान में कहा उनकी हालत गंभीर है, लेकिन फिलहाल वह देख-सुन पा रहे हैं। वह चिकित्सकों की कड़ी निगरानी में हैं।



# छत्तीसगढ़ में 41 हजार करोड़ से हो रहा रेल सुविधाओं का विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में 41 हजार करोड़ रूपए की लागत से रेलवे सुविधाओं के विस्तार का काम तेजी से चल रहा है, जिसमें रेल्वे ट्रैक का विस्तार, रेलवे लाईन का दोहरीकरण, रेलवे फ्लाई ओवर एवं ब्रिज आदि का निर्माण शामिल है। केंद्र सरकार ने इस साल के बजट में छत्तीसगढ़ राज्य में रेल्वे सुविधा के विकास के लिए 6925 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। इससे राज्य में रेल परियोजनाओं के कामों को तेजी से पूरा करने में मदद मिलेगी।



केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में रेलवे के उन्नयन और विकास के लिए 41,000 करोड़ रुपए के निवेश से नई रेल लाइनों, रेलवे फ्लाईओवर और अन्य बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में रेलवे का शत-प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन का काम पूरा हो गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय रेलवे मंत्री ▶▶ शेष पेज 05 पर

### छत्तीसगढ़ को ऐतिहासिक रेलवे बजट प्राप्त हुआ : साय

छत्तीसगढ़ में रेलवे नेटवर्क विस्तार से न केवल यात्री परिवहन बल्कि खनिज संपदा और औद्योगिक उत्पादों के निर्यात में तेजी आएगी। इससे राज्य में व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। छत्तीसगढ़ में रेलवे के दीर्घकालिक विकास के लिए रावघाट-जगदलपुर, धरमजयगढ़-लोहरदगा और खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा जैसी कई नई रेल परियोजनाओं पर काम चल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को ऐतिहासिक रेलवे बजट प्राप्त हुआ है। यह राज्य की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास और यात्री सुविधाओं को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार इस विकास यात्रा को और आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गौरतलब है कि रावघाट रेलवे लाइन के अन्तर्गत दल्लीराजहरा-अंतागढ़ (77 किमी) सेक्शन चालू, यात्री ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है। रावघाट तक विस्तार ▶▶ शेष पेज 05 पर

### ओडिशा और छग के बीच रेल कनेक्टिविटी बेहतर होगी

इससे बस्तर और दंतेवाड़ा जिले की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। आवागमन आसान और माल परिवहन सुविधाजनक हो सकेगा। 4021 करोड़ रूपए की लागत वाली डोंगरगढ़-कवर्धा-कटघोरा रेल लाइन परियोजना की लंबाई 295 किमी है। इसके निर्माण से खनिज परिवहन, यात्री सुविधाएं और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कोरबा-अंबिकापुर नई रेल लाइन से सरगुजा क्षेत्र को नए विकास की दिशा मिलेगी। गढ़चिरौली-बीजापुर-बचेली 490 किमी लंबी परियोजना के सर्वेक्षण के लिए 12.25 करोड़ रुपए मंजूर हुए हैं। सरडेगा-भालुमुडा डबल लाइन से ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच रेल कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

**इ्यूटी पर जा रहे थे बलरामपुर**

### पेड़ से टकराया वाहन, कृषि विभाग के उप संचालक की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रतापपुर

सोमवार को ड्यूटी पर जा रहे बलरामपुर जिले के कृषि विभाग के उप संचालक की सड़क हादसे में मौत हो गई। वाहन चालक लेखापाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उप संचालक की बोलेरो गाड़ी के पेड़ से टकराने के कारण यह हादसा हुआ। हादसे में गंभीर रूप से घायल अधिकारी-कर्मचारी को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उप संचालक को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद विभागीय अधिकारी कर्मचारियों में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के कृषि विभाग में पदस्थ उप संचालक शिव कुमार प्रसाद सोमवार को विभाग में पदस्थ लेखापाल पन्नालाल यादव के साथ ड्यूटी पर बोलेरो वाहन से बलरामपुर जा रहे थे। वाहन को लेखापाल चला रहे थे। इस दौरान अंबिकापुर-प्रतापपुर मार्ग पर गणेशपुर जंगल में उप संचालक की तेज रफ्तार ▶▶ शेष पेज 05 पर



**अवस्थी के निधन पर शोक**

### चुनाव प्रचार पर निकले छालीवुड एक्टर राजेश अवस्थी को हार्टअटेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/गरियाबंद

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध एक्टर और भाजपा नेता राजेश अवस्थी का हार्ट अटैक से निधन हो गया। गरियाबंद में रविवार को नगरीय निकाय चुनाव के प्रचार के दौरान अचानक उनके सीने में दर्द उठा था, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राजेश अवस्थी के निधन के बाद छत्तीसगढ़ फिल्म इंडस्ट्रीज से लेकर भाजपा खेमे सहित उनके समर्थक व चाहने वालों में शोक की लहर है। इधर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी राजेश अवस्थी के निधन पर गहरा दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि वे छत्तीसगढ़ी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता एवं निर्माता के साथ भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक भी थे। उनका निधन छत्तीसगढ़ी फिल्म उद्योग के लिए अपूरणीय क्षति है। गरियाबंद जिले के रहने वाले राजेश अवस्थी 41 वर्ष के थे। वे छत्तीसगढ़ी फिल्म विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष रह ▶▶ शेष पेज 05 पर



**रणनीति बना रहे नक्सलियों की जवानों से हुई मुठभेड़**

### मुठभेड़ में बीएसएफ ने एक नक्सली को मार गिराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

पंचायत चुनाव में व्यवधान डालने की रणनीति बनाने के लिए पानीडोबर क्षेत्र में रावघाट एरिया कमेटी और कंपनी नंबर 05 के नक्सली रणनीति बना रहे थे, उसी समय नक्सलियों के संतरी ने जवानों को देख फायरिंगर कर दिया, जवाबी फायरिंग को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल की ओर भाग जाने में कामयाब रहे। पुलिस की मानें तो इस घटना में तीन नक्सलियों के घायल होने के भी सबूत मिले है। जानकारी के अनुसार मुठभेड़ स्थल में कंपनी नंबर 05 के कमांडर राजू सलाम और उसकी टीम के अलावा रावघाट ▶▶ शेष पेज 05 पर



### आठ लाख का इनामी था जतिन

शव की पहचान जतिन मंडावी के रूप में हुई है, जो कंपनी नंबर 05 का सदस्य है। मृतक नक्सली आठ लाख का ईनामी है। मुठभेड़ स्थल में नक्सलियों के द्वारा छोड़े गए सामग्री भी मिली। मुठभेड़ में शामिल जवानों की मानें तो तीन नक्सली घायल हुए है, जिसमें एक जग्गू और एरिया कमेटी का पदाधिकारी है। कांकेर के पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला ने बताया कि एक नक्सली का शव मिला है, जिसकी पहचान कंपनी नंबर 05 के सदस्य के रूप में हुई है, इसके अलावा कम से कम तीन से चार नक्सली गंभीर रूप से घायल है।

### भारत का हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर अब अमेरिका के बराबर पहुंचा

# नेशनल हाईवे पर सफर करने वालों को जल्द मिलेगी राहत, एक समान टोल नीति पर काम कर रही सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों की परेशानी कम करने के लिए एक समान टोल नीति पर काम कर रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भारत की हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर अब अमेरिका के बराबर पहुंच चुकी है। गडकरी ने एक साक्षात्कार में बताया, हम एक समान टोल नीति पर काम कर रहे हैं। इससे यात्रियों को हो रही परेशानियों का समाधान होगा। हालांकि, उन्होंने इस नीति के बारे में अधिक जानकारी साझा नहीं की। राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल शुल्क बढ़ने और खराब सड़क सुविधाओं के कारण आम जनता में असंतोष बढ़ रहा है।



**पिछले कुछ वर्षों में बने राष्ट्रीय राजमार्ग**

| | |
|---|---|
| 2020-21 | 13,435.4 किमी |
| 2021-22 | 10,457.2 किमी |
| 2022-23 | 10,331 किमी |
| 2023-24 | 12,349 किमी |

### 90 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण के बाद ही प्रोजेक्ट्स को मंजूरी

गडकरी ने बताया कि भारत माला परियोजना के तहत मंत्रालय को 3,000 करोड़ तक के हाईवे प्रोजेक्ट्स को मंजूरी देने का अधिकार था, लेकिन अब मंत्रालय 1,000 करोड़ से अधिक की किसी भी परियोजना के लिए कैबिनेट की मंजूरी लेने के लिए बाध्य है। उन्होंने कहा, हमने 50,000-60,000 करोड़ के हाईवे प्रोजेक्ट्स की मंजूरी के लिए कैबिनेट को प्रस्ताव भेजा है। जैसे ही मंजूरी मिलेगी, हम उन पर काम शुरू कर देंगे। एक अंतर-मंत्रालयी पैनल ने सुझाव दिया है कि कोई भी हाईवे प्रोजेक्ट तभी मंजूर किया जाए, जब 90% भूमि अधिग्रहण का काम पूरा हो जाए।


### हाईवे निर्माण की रफ्तार होगी तेज

गडकरी ने कहा कि 2020-21 में प्रति दिन 37 किलोमीटर हाईवे निर्माण का रिकॉर्ड बना था, जिसे इस वित्तीय वर्ष में तोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 7,000 किमी हाईवे बनाए जा चुके हैं और फरवरी-मार्च में निर्माण की रफ्तार और बढ़ने की उम्मीद है।

### टोल संग्रह में हुआ बड़ा इजाफा

वित्त वर्ष 2023-24 में टोल संग्रह 64,809.86 करोड़ तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 35% अधिक है। 2019-20 में यह संग्रह 27,503 करोड़ था, जो अब लगभग दोगुना से भी ज्यादा है। वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निजी कारों की हिस्सेदारी लगभग 60% है, लेकिन टोल संग्रह में इनका योगदान सिर्फ 20-26% ही है।





## ग्रामीण/शहरी रणभूमि

### काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़तीः सुशील



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, आज भी जो नगरीय निकाय के लिए नया घोषणा पत्र जारी किया है वह भी जनता को ठगने के लिए भाजपा की नई चाल है। विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी जारी किया था, उसे पूरा नहीं कर पाये। जनता का भरोसा उठ गया है तब अटल के नाम से अटल विश्वास पत्र जारी कर रहे। काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। जनता अब इनके झांसे में नहीं आने वाली।

### कांग्रेस को हर सत्ता से बाहर रखने का संकल्पःकिरण



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विगत 5 वर्षों के कांग्रेस शासनकाल में नगरीय निकाय क्षेत्र विकास से शून्य हो गये हैं। विकास ठप रहा। प्रदेश सरकार से लेकर स्थानीय निकायों तक कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने जन-धन की लूट मचाई। इस बार जनता हमारे विजन को देखेगी और कांग्रेस को हर स्तर पर सत्ता से बाहर करने का संकल्प लेगी।

**नगर निगम रायगढ़**

वित्त मंत्री व विधायक ओपी चौधरी सोमवार को भाजपा के महापौर उम्मीदवार जीवर्धन चौहान की फुटपाथ पर स्थित चाय की टपरी पर पहुंचे। वहां उन्होंने चाय बनाकर आम जनता को पिलाई। उनको देखते ही वहां लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

# महापौर उम्मीदवार जीवर्धन की टपरी पर पहुंचे ओपी, चाय बनाकर जनता को पिलाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायगढ़

आम जनता को चाय पिलाते हुए श्री चौधरी ने कहा कि जीवन में कोई भी कार्य छोटा नहीं होता। बशर्ते वह ईमानदारी लगन से किया जाए। जीवर्धन ईमानदारी की मिसाल हैं। देश की अस्सी करोड़ की आबादी जीवर्धन की तरह ईमानदार प्रयासों से अपना जीवन जीती है । जीवर्धन ने चाय बेचते हुए बतौर कार्यकर्ता तीन दशकों तक भाजपा की सेवा की। ईमानदारी की वजह से जीवर्धन को भाजपा का महापौर प्रत्याशी बनाया गया। विष्णु देव साय के नेतृत्व में बनी डबल इंजन सरकार की ताकत जनता एक साल में महसूस कर चुकी है। एक साल में विकास की इस राजनीति को जारी रखने के लिए अब ईमानदार प्रयास की अधिक जरूरत है। 29 सालों तक पार्टी की सेवा करते हुए चाय बेचकर गुजारा करने वाले जीवर्धन के अन्दर



भाजपा ने उसकी कर्मठता लगन ईमानदारी को महसूस करते हुए महापौर हेतु प्रत्याशी बनाया। जीवर्धन देश की अस्सी करोड़ गरीब आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। ओपी ने यह विश्वास जताते हुए कहा नालंदा परिसर, ऑक्सी जोन, सब्जी मंडी का कायाकल्प, 72 सड़कों का डामरीकरण, केलो बांध के नहरों का जाल, प्रयास विद्यालय, हॉर्टिकल्चर कॉलेज, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, संगीत महाविद्यालय,ओडिशा सीमा से जांजगीर तक फोरलेन सड़क, पहाड़ मंदिर का जीर्णोद्धार सहित ढेरों विकास कार्य जनता ने एक साल के अंदर देख लिए। विकास की इस राजनीति जारी रखने के लिए अब ईमानदार प्रयासों की जरूरत है। चाय वाले को प्रत्याशी बनाए जाने पर कांग्रेस की आपत्ति के सवाल पर चुटकी लेते हुए ओपी ने कहा डूबते जहाज से जीवन रक्षा के लिए भागने के दौरान भगदड़ मच जाती है यही स्थिति कांग्रेस की है।

**रोचक खबरें**

## 6 बार के सांसद व पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के सुपुत्र ने छोड़ी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जांजगीर चांपा

अविभाजित मध्य प्रदेश के समय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे, और छह बार के सांसद स्व. परसराम। भारद्वाज के सुपुत्र संजय शेखर ने कांग्रेस पार्टी को अलविदा कह दिया है। उन्होंने पार्टी के सक्रिय सदस्य सहित सभी पदों से त्यागपत्र देते हुए अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष को भेजा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नाम सौंप गए त्यागपत्र में संजय शेखर भारद्वाज ने लिखा है कि गहन विचार विमर्श के बाद उन्होंने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से त्यागपत्र देने का निर्णय लिया है उन्होंने व्यक्तिगत कांग्रेस पार्टी के संगठन में कार्य करने में असमर्थता जाहिर की है। उल्लेखनीय की संजय शेखर भारद्वाज कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे स्व.परसराम भारद्वाज के छोटे सुपुत्र हैं। परसराम भारद्वाज सारंगढ़



### कांग्रेस के सक्रिय सदस्य सहित सभी पदों से दिया त्यागपत्र

लोकसभा क्षेत्र से लगातार 6 बार सांसद रहे और अविभाजित मध्य प्रदेश के समय प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी रहे। ऐसे में एन नगरी निकाय चुनाव के दौरान उनके इस तरह से त्यागपत्र देकर पार्टी छोडने के निर्णय से पार्टी संगठन की गतिविधियों को लेकर कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। बताया जाता है कि प्रत्याशी चयन को लेकर चल रही नाराजगी के चलते उन्होंने ऐसा कदम उठाया है।

संजय शेखर भारद्वाज ने कुछ दिनों पूर्व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं को पत्र लिखकर पार्टी द्वारा अध्यक्ष पद के लिए चयनित प्रत्याशी पर आपत्ति जताई गई थी इसके बाद भी संगठन से कोई पहल नहीं हुई जिससे क्षुब्ध होकर उन्होंने त्यागपत्र दे दिया है।

### कांग्रेस का अभेद्य गढ़ है नगर पंचायत

नगर पंचायत खरौद को कांग्रेस का अभेदगढ़ माना जाता है। कांग्रेस के दिग्गज नेता और छह बार के सांसद रहे परसराम भारद्वाज के गृह नगर पंचायत खरौद मे आज तक कांग्रेस पार्टी की हार अध्यक्ष पद के लिए नहीं हुई है। जिसका एक प्रमुख करण भारद्वाज परिवार की सक्रियता को भी माना जाता है। ऐसी स्थिति में अब यहां दिग्गज नेता के परिवार के सदस्य द्वारा पार्टी की सदस्यता से त्यागपत्र देने को लेकर न केवल पार्टी की अंतरकलह और गुटबाजी सामने आ रही है बल्कि अभेदगढ़ में अंतर विरोध भी होने लगा है।

# बिलासपुर में मुकाबला महिला और पुरुष के बीच

**आमने सामने**

## पांच सालों तक रुक गया था बिलासपुर का विकास, अब आगे बढ़ाएंगेः पूजा

बिलासपुर। नगर पालिक निगम बिलासपुर के महापौर पद के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में मुख्य प्रतिद्वंदी के रूप में भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशी आमने-सामने हैं। भाजपा ने श्रीमती एल पदमजा पूजा विधानी को अपना महापौर प्रत्याशी बनाकर चुनाव में उतारा है, वहीं कांग्रेस की तरफ से महापौर के प्रत्याशी प्रमोद नायक चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा का कहना है कि विकास की गति लगातार चलने वाली रोड, नाली, सफाई इसे तो लगातार चलाना है, साथ ही बिलासपुर शहर में अतिक्रमण और भू-माफिया को सबसे पहले पकड़वाना, खत्म करना है और भू-माफिया को सलाखों के पीछे भेजना है। सबसे मुख्य बिलासपुर सिटी में ट्रैफिक, पार्किंग की बहुत दिक्कत है, उसको भी प्लानिंग के साथ ठीक करना है। कांग्रेस का कहना है कि आत्मानंद स्कूल के माध्यम से गरीब परिवार को इंग्लिश में शिक्षा देने का काम हो, चाहे स्वास्थ्य के मामले में सुविधा देने काम हो, बिलासपुर अरपा जीवनदायिनी नदी में बैराज, एनीकट और दोनों तरफ सड़क बनाने की बात हो, मिनी स्टेडियम बनाने, सड़कों का सौंदर्यीकरण, लाईटिंग, उद्यान बनाने और बुजुर्गो बापू की कुटिया जैसे बहुत सारे काम हुए हैं। इस विकास को आगे बढ़ाना है।

**सवाल- पांच साल कांग्रेस सत्ता में थी तो भाजपा ने क्या किया?**

**पूजा विधानी-** भाजपा प्रत्याशी श्रीमती एल पदमजा पूजा विधानी का कहना है कि नगर निगम में पांच साल कांग्रेस के कार्यकाल में बिलासपुर के विकास को पांच साल पीछे ढकेल दिया है। लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान हो रहे थे और एक नल की टोटी, मरम्मत नहीं हो पा रहा थी। छोटी-छोटी समस्याओं के लिए बिलासपुर के लोग परेशान हुए हैं। रोड, नाली की तो बात छोड़िए सफाई पूरी तरह ठप्प थी। कांग्रेस के महापौर फंड की कमी का रोना रोते रहे शहर में एक भी विकास कार्य दिखा नहीं।



**सवाल- महापौर प्रत्याशी के रूप में जनता के बीच किन मुद्दों को लेकर जाएंगी ?**

**पूजा विधानी-** मैं विकास के मुद्दे को लेकर चुनाव में जाऊंगी। जो विकास रूका हुआ है, उसे आगे बढ़ाऊंगी। विकास के लिए कहीं भी फंड की कमी नहीं होगी, क्योंकि केन्द्र व राज्य में विकास पुरुष मोदीजी और विष्णुदेव साय बैठे हैं तो नगर निगम को बहुत अच्छे से चलाएंगे।

***सवाल- निगम क्षेत्र के विकास को लेकर कोई प्लानिंग है आपके पास?***

**पूजा विधानी-** शहर की सफाई पर खास ध्यान देना है। शहर में अतिक्रमण और भू-माफिया को जड़ से खत्म करना होगा। शहर में ट्रैफिक, पार्किंग को प्लानिंग के साथ ठीक करना है।

**सवाल-** निगम से जुड़े नए क्षेत्र में कोई काम नहीं हुआ है?

**पूजा विधानी-** निगम में नए एरिया को जोड़ तो दिया गया है,उनसे टैक्स भी लिया जा रहा है, किन्तु बुनियादी सुविधाएं कुछ भी नहीं हैं।

## शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही मूलभूत सुविधाओं पर किया गया कामः प्रमोद

**सवाल- पिछले पांच सालों तक शहर में कांग्रेस की सरकार रही है, क्या काम हुआ है?**

प्रमोद नायक- पिछले पांच साल में कई काम हैं जिन्हें गिनाया जा सकता है। दो साल कोरोना में निकल गया, इसके बाद भी बिलासपुर नगर निगम में बात करें तो आत्मानंद स्कूल के माध्यम से गरीब परिवार को इंग्लिश में शिक्षा देने का काम हो, चाहे स्वास्थ्य के मामले में सुविधा देने काम हो, बिलासपुर अरपा जीवनदायिनी नदी में बैराज, एनीकट और दोनों तरफ सड़क बनाने की बात हो, मिनी स्टेडियम बनाने, सड़कों का सौंदर्यीकरण, लाईटिंग, उद्यान बनाए गए।



**सवाल-** ***आप महापौर प्रत्याशी के तौर पर किन मुद्दों को लेकर चुनाव में जाएंगे?***

प्रमोद नायक- जनता की मुख्य समस्या होती है कि शुद्ध पेयजल मिले, सड़क अच्छी हो, बिजली की समस्या न हो। इसके साथ ही छोटी-छोटी कामों को लेकर परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसमें कोई भी प्रमाण पत्र बनवाना हों, कोई एनओसी का काम हो, नक्शा पास कराना हो, इन सबका सरलीकरण किया जाएगा। इसी तरह जो छोटे तबके के लोग हैं उनके लिए आवास की व्यवस्था कार्ययोजना बनाकर की जाएगी। छोटे, मध्यम वर्गीय व्यवसायी के लिए व्यवस्थित रूप से काम के लिए जगह मुहैया कराने का काम भी करेंगे। इसके साथ ही अरपा में अभी जो रोड बना है उसमें पानी ठहराव और मस्तूरी रोड में लावर तक लंबी सड़क बननी चाहिए।


**सवाल-** ***शहर विकास के लिए आपके पास कोई रोडमैप है?***

**प्रमोद नायक** - बिलासपुर अभी भिलाई, दुर्ग के बाद एजुकेशन का बड़ा हब बनते जा रहा है। इसलिए शिक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी।

## चुनाव की समीक्षा में बोले आयुक्त-ईवीएम मशीनों का वार्डवार प्रदर्शन किया जाये

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव के अंतर्गत जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार मतदान पूर्व तैयारियों की समीक्षा हेतु राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने निर्देश दिए कि ईवीएम मशीनों का वार्डवार प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाए, ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अलावा, ईवीएम मशीनों के संचालन और उसके महत्व को लेकर मीडिया कार्यशालाओं के आयोजन पर भी चर्चा की गई, जिससे मतदाताओं को सही जानकारी मिल सके और किसी भी प्रकार की भ्रांतियां न रहें।

### सभी जिला कलेक्टरों को दिए निर्देश

उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों से उनके जिलों में ईवीएम मशीनों की पर्याप्त उपलब्धता एवं मतदान केंद्रों की जानकारी ली। उन्होंने सभी मशीनों के मॉकपोल, वोटर ईम्फरमेशन स्लीप एवं बी.एल.ओ. के माध्यम से वितरण, कमीशनिंग कार्य सहित अन्य विषयों पर अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि लाउड स्पीकर के संबंध में दिये गये निर्देश का कड़ाई से पालन करें, बच्चों की परीक्षा की तैयारी पर कोई असर न हो।

राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं जैसे बिजली, पेयजल, रैंप, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था आदि सुनिश्चित की जाएं। विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं किए जाने पर जोर दिया गया।

### आचार संहिता का कराएं पालन

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन पूरी सतर्कता बरते और आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। यह भी निर्देश दिए कि निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और निर्बाध रूप से संपन्न हो।

**टुकुन की नजर से...**




## दो दोस्त आमने-सामनेः राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव दिलचस्प

राजिम। राजिम में नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए हो रहा चुनाव खासा दिलचस्प हो गया है। वैसे तो यह चुनाव दूसरे चुनावों की तरह है, लेकिन यहां खास बात ये है कि कांग्रेस और भाजपा ने जिन लोगों को प्रत्याशी बनाया है वे आपस में अच्छे दोस्त है। लिहाजा मुकाबला में दो दोस्त ही आमने सामने हैं। दोनों के बीच की मित्रता इतनी जानी पहचानी है कि लोगों ने दोनों को महाप्रसाद मितान बना दिया है। राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष पद के इस चुनाव में कांग्रेस से पवन सोनकर प्रत्याशी हैं जबकि भाजपा ने उनके मुकाबले में उनके खास मित्र महेश यादव को उतारकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। चुनाव प्रचार के दौरान भी दोनों प्रत्याशी अपनी दोस्ती का ध्यान रखते हुए एक दूसरे के खिलाफ सियासी आरोप तक नहीं लगा रहे हैं। पूरे चुनाव अभियान में मतदाता दोनों प्रत्याशियों की शालीनता भी देख रहे हैं।

### सोनकर दूसरी बार हैं नगर पंचायत अध्यक्ष पद मैदान में



नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार पवन सोनकर इसके पहले भी अध्यक्ष रह चुके है। हरिभूमि से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि उनका कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा। राजिम के विकास में कोई कमी नही होने दी। जनता की समस्याओं को हल करने वे सदैव उपलब्ध रहे। उनसे पूछा गया कि जनता यदि दूसरी बार मौका देती है तो राजिम के विकास के लिए क्या योजना है। बताया कि शहर के सभी गली कूचे रोड एकदम चकाचक होंगे। पेयजल की शानदार ब्यवस्था बनाया जाएगा। नालियों की रोज सफाई होगी। कचरा कहीं भी नजर नही आएगा। एकदम स्वच्छ व सुंदर शहर के रुप इसे विकसित करेंगे। हर मार्ग पर छायादार पौधे लगाएंगे। शहर हरा-भरा नजर आएगा। इसे ग्रीन सिटी - क्लीन सिटी के रुप में पूरे प्रदेश में जाना जाएगा।

### महेश ने कहा राजिम के विकास में झोकेंगे ताकत



नगर पंचायत मे अध्यक्ष पद के अधिकृत भाजपा प्रत्याशी महेश यादव ने कहा कि राजिम के विकास के लिए अपना पूरा ताकत झोंक देंगे। प्रदेश में इसे एक मॉडल शहर के रुप में जाना जाएगा । यहां हरियाली नजर आएगी सर्व सुविधायुक्त बस स्टैंड बनेगा मुक्तिधाम के लिए एंबुलेंस सुविधा, मां महामाया मंदिर में भब्य गेट निर्माण, प्रत्येक वार्ड में सुझाव व शिकायत बाक्स, प्रत्येक घरों को पीने का शुद्ध पानी नाली व नगर की रोज सफाई, वार्ड नं 11 के उद्यान का जीर्णोद्धार, वार्ड नं 6 के कौशल्या उद्यान का जीर्णोद्धार ,नए कालोनियों में पानी सड़क बिजली नाली निर्माण ,सतनामी पारा में अंबेडकर चौक निर्माण ,बस स्टैंड में सार्वजनिक शौचालय ,पद्मा तालाब का सौंदर्यीकरण , इसके अलावा प्रदेश एवं केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लागू करेंगे ।

# पीने के साफ पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए संघर्ष बैगा जनजाति की महिला खुद उतरी चुनाव मैदान में

छत्तीसगढ़ में हो रहे त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव में गांव-गांव से जुड़ी समस्याओं से संबंधित मुद्दे अब सामने आ रहे हैं। इन्हीं मुद्दों के आधार पर प्रत्याशी प्रचार कर वोट मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में कवर्धा जिले के बोडला ब्लॉक की एक बैगा संरक्षित जनजाति समुदाय की महिला जगनी भी चुनाव मैदान में है।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

लोगों का कहना है कि आजादी के बाद शायद ये पहला मौका होगा जब किसी बैगा महिला को चुनाव में उतरने का मौका मिला है। खास बात ये है कि बोडला ब्लॉक में जहां बैगा आदिवासियों की संख्या करीब 35 हजार है वहां के लोग अभी भी पीने का पानी झिरिया से जमा करते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े होने के साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं हासिल कर पाना इनके लिए चुनौती से कम नहीं है। इन समस्याओं से जूझ रहे संरक्षित जनजातीय समूह की महिला खुद चुनाव में कूद पड़ी है।



कबीरधाम जिले के बोड़ला ब्लॉक में रहने वाली जगनी वहां के बैगा समुदाय के नेता कामू बैगा की पत्नी है। बैगा जनजाति के लोग राष्ट्रपति की दत्तक संतान माने जाते हैं। ये लोग समाज की मुख्यधारा से अलग दूरदराज और जंगल पहाड़ वाले क्षेत्रों में बसे हैं। पूरे

### कांग्रेस के समर्थन से प्रत्याशी, भाजपा की ललिता से हो रहा है मुकाबला

कबीरधाम जिले में इनकी जनसंख्या 70 हजार के करीब है। इनमें से 35 हजार के आसपास लोग बोडला ब्लॉक में रहते हैं। लेकिन इन लोगों को चुनाव मैदान में उतरने का मौका मिलना ही बड़ी बात है। बोडला के क्षेत्र क्रमांक 6 से जिला पंचायत सदस्य पद की प्रत्याशी बनी जगनी को कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर के प्रयास से जिला पंचायत सदस्य पद की उम्मीदवारी मिली है

### ये है जगनी की कहानी

बैगा जनजाति की जगनी ने बीए तक पढ़ाई की है। यह महिला अपने घर में रहकर परिवार का कामकाज संभालती है। जगनी के पति कामू बैगा के अनुसार उनके क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या ये है कि लोगों को यहां पानी के पानी के लिए झिरिया पर निर्भर रहना पड़ता है। गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य के संसाधन की कमी है। इसी समस्या को जगनी ने चुनाव का मुद्दा बनाया है। वे एसटी महिला के लिए आरक्षित सीट से चुनाव मैदान में है। उनका मुकाबला आदिवासी समुदाय की ललिता रूप सिंह से है जो गोंड आदिवासी समाज से हैं। ललिता के पति रूप सिंह अपने गांव के सरपंच भी रह चुके हैं। इनका परिवार भाजपा से जुड़ा है। रुप सिंह का बड़ा भाई पूर्व में जिला पंचायत सदस्य रहा है। हालांकि ये दोनों प्रत्याशी एसटी समुदाय से हैं, लेकिन इनमें बैगा जनजाति के लोग सर्वाधिक पिछड़े माने जाते हैं।




प्रयागराज महाकुंभ

*प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान बसंत पंचमी पर सोमवार को श्रद्धालुओं, साधु-संतों और महामंडलेश्वरों ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई और स्नान के बाद दान-पुण्य किया। इस तीसरे अमृत स्नान में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा है। नागा संन्यासियों के साथ देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालु भी इसके साक्षी बने।*

## वसंत पंचमी पर आस्था का जनसैलाब




संगम में पवित्र डुबकी लगाते हुए तोता (टोटा) बाबा।


किन्नर अखाड़े के सदस्य।


श्रद्धालुओं ने भी लिया पुण्य लाभ।

दिल्ली चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सभी दलों ने ताकत झोंकी

### आप, भाजपा, कांग्रेस के नेताओं ने किया जमकर जनसंपर्क

# शाह-नड्डा ने किया रोड शो तो प्रियंका का डोर-टू-डोर कैंपेन

## बुधवार को होगा मतदान, शनिवार को आएंगे नतीजे

*दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार थम गया है। अब बुधवार 5 फरवरी को वोटिंग होगी और शनिवार 8 फरवरी को रिजल्ट आएगा। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सोमवार को सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप), मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा सहित कांग्रेस व अन्य दलों ने जनसंपर्क में पूरी ताकत झोंक दी। भाजपा की तरफ से पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रोड शो किया, वहीं कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी ने मोर्चा संभालते हुए डोर डोर कैंपेन कर आम लोगों से आशीर्वाद मांगा।*

## 'हमारा सीएम कभी शीशमहल में नहीं रहेगा केजरीवाल ने जनता के पैसे से बनाया महल

### दिल्ली चुनाव में शाह का बड़ा ऐलान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को द्वारका में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर उनके शीशमहल (लग्जरी बंगले) को लेकर जमकर निशाना साधा। शाह ने कहा कि जो नेता खुद को आम आदमी कहता था, वह अब शीशमहल में रहता है। दिल्ली की जनता पानी और बिजली के लिए तरस रही है, लेकिन केजरीवाल ने जनता के पैसे से 45 करोड़ रुपए का महल बना लिया। भाजपा की सरकार बनने के बाद हमारा मुख्यमंत्री उस बंगले में नहीं रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि आप सरकार ने जनता के पैसों का दुरुपयोग किया और दिल्ली के विकास के बजाय अपने ऐशो-आराम



पर ध्यान दिया। शाह ने केजरीवाल सरकार के यमुना सफाई के दावों पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने कहा था कि वह यमुना के पानी को इतना साफ कर देंगे कि उसमें खुद डुबकी लगाएंगे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

### केजरीवाल को नड्डा ने भी घेरा



बीजेपी चीफ जेपी नड्डा ने कहा कि आज दिल्ली कूड़े का ढेर बन गई है, गली-गली, घर-घर कूड़े का ढेर लगा हुआ है। 5 साल पहले, ये (केजरीवाल) गाजीपुर में कूड़े का पहाड़ देखने गए थे और बता रहे थे कि मैं इसे साफ कर दूंगा। कूड़े के पहाड़ को तो साफ नहीं किया, बल्कि आपके घर के आगे कूड़े का ढेर लगा दिया है।

## केजरीवाल का बड़ा दावा, आप को मिल रहीं 55 सीटें

दिल्ली में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जमकर प्रचार किया। साथ ही दावा कि दिल्ली में एक बार फिर से आप की सरकार बन रही है। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'मेरे अनुमान के मुताबिक, आम आदमी पार्टी की 55 सीट आ रही हैं, लेकिन अगर सभी वोट करने जाएं और अपने घर के पुरुषों को भी आम आदमी पार्टी को वोट देने के लिए समझाएं तो 60 से ज्यादा भी आ सकती हैं।' अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए भाजपा पर चुनाव को प्रभावित करने का आरोप लगाया। सोमवार को नई दिल्ली, कालका जी, छत्तरपुर सहित दूसरे विधानसभा में प्रचार करते हुए केजरीवाल ने लोगों से समर्थन देने की अपील की। उन्होंने दावा किया कि आप की सरकार बनी तो हर परिवार में करीब 35 हजार रुपये तक की बचत होगी। सरकार बनने के बाद पहला काम महिलाओं के खाते में 2100 रुपये डालने और बुजुर्गों का मुफ्त इलाज कराने का करेंगे। मुफ्त बिजली-पानी, शिक्षा, इलाज और महिलाओं की बस यात्रा की तरह यह सुविधाएं भी शुरू होंगी।





## जंगपुरा में प्रियंका...घर-घर, द्वारे-द्वारे

कांग्रेस सांसद व राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने दिल्ली की जनता से कांग्रेस उम्मीदवारों के समर्थन में वोट की अपील की है। उन्होंने दिल्ली के जंगपुरा इलाके में डोर-टू-डोर कैंपेन किया। आम लोगों व रेहड़ी वालों से कांग्रेस को जिताने की अपील की। गौरतलब है कि साल 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 70 में से 62 सीटों पर जीत दर्ज की थी। जबकि भारतीय जनता पार्टी ने 8 सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं 2015 विधानसभा चुनाव में आप ने 67 सीटें तो बीजेपी ने 3 सीटों पर कब्जा जमाया था। कांग्रेस इन दोनों चुनावों में अपना खाता तक नहीं खोल पाई थी।

### केजरी ने किए झूठे वादे : दीक्षित

इधर, सोमवार को ही पीसी में कांग्रेस नेता हारून यूसुफ और संदीप दीक्षित ने दिल्ली की मौजूदा आप सरकार पर सवाल उठाए और दावा किया कि कांग्रेस सरकार के दौरान दिल्ली में विकास कार्य बेहतर तरीके से हुए थे। उन्होंने दिल्ली में विकास और बुनियादी सुविधाओं के मुद्दे पर चर्चा की और कहा कि केजरीवाल सरकार ने केवल झूठे वादे किए हैं। कांग्रेस ने दिल्ली में केजरीवाल सरकार की शिक्षा और स्वास्थ्य प्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाए।

ऑडियो टेप होने का दावा, सुप्रीम कोर्ट ने मांगी फॉरेंसिक रिपोर्ट

# मणिपुर हिंसा में सीएम बीरेन ने लुटवाए हथियार?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मणिपुर हिंसा से जुड़ी कुछ ऑडियो क्लिप को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लैब को तलब किया है। कोर्ट ने सीएफएसएल से सीलबंद लिफाफे में 6 हफ्ते के भीतर रिपोर्ट मांगी है। ये रिपोर्ट उन ऑडियो क्लिप के सामने आने बाद मांगी गई है, जिनमें मणिपुर के सीएम बीरेन सिंह पर राज्य में हिंसा करवाने के आरोप लगाए गए थे। कुकी ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ट्रस्ट (केओएचयूआर) ने इन ऑडियो क्लिप की कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की मांग की थी। दावा किया गया कि ऑडियो में

- कुकी ट्रस्ट की कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की मांग



सीएम बीरेन सिंह कह रहे हैं कि उन्होंने 'मैतई समुदाय को हिंसा भड़काने की अनुमति दी और उन्हें बचाया। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक 3 फरवरी को सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने इस याचिका पर सुनवाई की। याचिकाकर्ताओं के वकील प्रशांत भूषण ने कोर्ट में कहा, 'ऑडियो टेप ट्रूथ लैब द्वारा जांचे गए हैं, जिनमें 93 फीसदी दावा किया गया है कि ये आवाज बीरेन सिंह की ही है।

### ट्विटर अकाउंट से भी किया है संपर्क

मामले में राज्य की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलीलें दीं। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार मेहता ने कहा, 'याचिकाकर्ता को पहले हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए। मामले के संबंध में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जांच चल रही है। जांच एजेंसी ने सत्यापन के लिए उन ट्विटर अकाउंट से भी संपर्क किया है, जिन्होंने ऑडियो अपलोड की थीं। टेप को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।' मेहता ने ये भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित जजों के पैनल ने भी कुछ नागरिक समाज संगठनों के बारे में चिंता जताई है, जो 'इस मामले को खत्म नहीं होने देना चाहते हैं।

### यह कहा था टेप में

टेप में मुख्यमंत्री को ये कहते हुए सुना जा सकता है कि उन्होंने मैतेई समूहों को राज्य के शस्त्रागार को लूटने की अनुमति दी और गिरफ्तारी से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की।' सीनियर वकील ने दावा किया कि सीएम की टिप्पणियों को 'संयोग से' एक व्यक्ति ने रिकॉर्ड कर लिया था, जो बंद कमरे में हुई बैठक में मौजूद था। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये एक 'गंभीर मुद्दा' है जिसमें मुख्यमंत्री पर जातीय हिंसा भड़काने और बढ़ावा देने का आरोप है।




### दौरे पर उठे सवाल तो जयशंकर ने दिया जवाब

# 'मेरी अमेरिकी यात्रा पर राहुल ने संसद में झूठ बोला'

**खास बातें**

- विदेशमंत्री ने कहा, दुनिया में धूमिल हुई भारत की छवि
- नेता विपक्ष के आरोपों को लेकर विदेश मंत्री ने किया कड़ा पलटवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति अभिभाषण पर सोमवार को लोकसभा में हुई चर्चा के दौरान नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा विदेश मंत्री की अमेरिका यात्रा को लेकर सरकार पर लगाए गए आरोपों का एस.जयशंकर ने करारा जवाब दिया है। एक्स पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में उनकी दिसंबर 2024 में की गई अमेरिका यात्रा को लेकर जानबूझकर झूठ बोला है। जिसका उद्देश्य राजनीतिक हो सकता है। लेकिन इससे दुनिया में भारत की छवि को गहरा धक्का लगा है। मेरी यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित करने के लिए किसी भी स्तर पर कोई चर्चा नहीं की गई। विदेश मंत्री ने पोस्ट में यह भी बताया कि अपनी अमेरिका यात्रा में वो तत्कालीन राष्ट्रपति जो.बाइडन प्रशासन के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) से मिलने गए थे। साथ ही मैंने हमारे महावाणिज्य दूतों की एक बैठक की अध्यक्षता भी की। इसके अलावा मेरे प्रवास के दौरान वहां पर अमेरिका के आने वाले एनएसए-पदनाम ने मुझसे मुलाकात की थी।



### पूर्व में सरकार ने स्पष्ट किया था अपना रुख

गौरतलब है कि अमेरिका में चुनाव जीतने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने 20 जनवरी को वाशिंगटन डीसी में अपना पदभार ग्रहण किया था। उस दौरान भी मीडिया में विदेश मंत्री एस.जयशंकर की यात्रा को लेकर कई तरह के सवालिया निशान लगाए गए थे? जिसका जवाब देते हुए सरकार ने साफ किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं विदेश मंत्री एस.जयशंकर को बतौर विशेष दूत के रूप में अमेरिका की यात्रा करने का निर्देश दिया। बीते समय में भी वैश्विक नेताओं के शपथ ग्रहण में केंद्र के कई मंत्रियों ने भारत की नुमाइंदगी की है। इस लिहाज से यह पहला अवसर नहीं है कि जब विदेश मंत्री अमेरिका यात्रा पर गए है। वहीं, अमेरिका यात्रा के दौरान जयशंकर ने एक्स पोस्ट में बताया था कि उन्हें शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रपति ट्रंप के ठीक सामने वाली पहली पंक्ति में बैठने का स्थान दिया गया था।

**राहुल गांधी का आरोप**

*राहुल ने लोकसभा में लगाए अपने आरोप में कहा कि विदेश मंत्री की अमेरिका यात्रा राष्ट्रपति ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुलाने के लिए चर्चा करने के उद्देश्य के साथ की गई थी। अगर हमारे देश के पास अच्छा मैन्युफैक्चरिंग सिस्टम होता और हम तकनीकों पर काम कर रहे होते तो अमेरिका के राष्ट्रपति खुद यहां आते और प्रधानमंत्री को आमंत्रित करते।*

## चिंतन

# प्रत्यक्ष के साथ अप्रत्यक्ष कर तंत्र में सुधार जरूरी

भारतीय टैक्स प्रणाली में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। आम बजट में इसकी बड़ी उम्मीद थी। प्रत्यक्ष कर प्रणाली में सुधार के लिए सरकार ने बजट में जरूर प्रस्ताव किया है, लेकिन अप्रत्यक्ष कर प्रणाली जीएसटी में किसी भी प्रकार के सुधार को लेकर कुछ नहीं कहा गया है। वित्त सचिव ने आम बजट के दो दिन बाद सोमवार को कहा है कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने की जरूरत है। दरअसल जीएसटी के क्रियान्वयन को लेकर बहुत सारी पेचीदिगियां हैं। जीएसटी के लागू होने के बाद से कई वर्ष बीत चुके हैं तो अब कम से कम सरकार के पास अनुभव हैं, आंकड़े हैं और इसमें आने वाली खामियों की जानकारी भी है, इसलिए इस बजट में अपेक्षा थी कि सरकार जीएसटी पर जरूर सरलीकृत की ओर आगे बढ़ेगी, पर ऐसा नहीं हुआ। सरकार बजट में आयकर छूट सीमा को 3 लाख से 12 लाख करने का बड़ा स्टेप लिया, नया आयकर कानून एक सप्ताह में लाने का वादा भी किया है। इसमें आईटीआर समेत अन्य सिस्टम को सरल किया जाएगा। टैक्स भरने की अवधि भी बढ़ा दी है और टैक्सेशन संबंधी कई कानूनों में डिफाल्टरों के लिए आपराधिक मुकदमे की 100 से अधिक श्रेणी को भी हटा दी गई है। टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है, लेकिन इससे बहुत छोटे हिस्से प्रभावित होते हैं, जीएसटी से सभी प्रभावित होते हैं। जीएसटी में अधिक सुधार की आवश्यकता है। इसमें टैक्स स्लैब ज्यादा है, यह 'एक राष्ट्र एक टैक्स' की अवधारणा के विपरीत है। जब पहली बार जीएसटी की योजना पेश की गई थी तो एक दर और केवल एंड प्रोडक्ट पर टैक्स की बात की गई थी। अभी एक उत्पाद के निर्माण में अगर चार से पांच तरह के उपकरण प्रयोग हो रहे हैं तो उसमें टैक्स की अलग अलग दर होती है। कई बार एक उपकरण पर 18 फीसदी टैक्स है, तो एक पर 5 फीसदी और अंतिम उत्पाद पर भी पांच फीसदी टैक्स है। इस तरह के कंप्लीकेशन्स को दूर किए जाने की जरूरत है, बजट में इस पर बात होनी चाहिए थी। सरकार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के क्रियान्वयन के संबंध में पर्याप्त अनुभव प्राप्त हो चुका है और अब राज्यों के साथ परामर्श कर दरों को युक्तिसंगत बनाने की जरूरत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में राज्य सरकारों के मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद ने जीएसटी दरों में बदलाव के साथ-साथ 'स्लैब' को कम करने का सुझाव देने के लिए मंत्रियों के समूह (जीओएम) का गठन किया है। दर और 'स्लैब' में फेरबदल पर रिपोर्ट काफी समय से लंबित है। उम्मीद थी कि दिसंबर में होने वाली परिषद की आखिरी बैठक में मंत्री समूह अपनी रिपोर्ट पेश कर देगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह सही है कि 2017 में जीएसटी के क्रियान्वयन के बाद टैक्सेशन में पारदर्शिता आई है। इससे अर्थव्यवस्था के संचालन में ट्रांसपेरेंसी बढ़ रही है। लेकिन अब जीएसटी में सुधार का वक्त है। स्लैब कम हो, टैक्स रिफंड का प्रोसेस सरल हो। टैक्सेशन की आसान प्रक्रिया रहने से जीएसटी की व्यापकता और बढ़ेगी। जीएसटी में अभी चार-स्तरीय कर संरचना है, जिसमें 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की 'स्लैब' हैं। विलासिता व अहितकर वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की उच्चतम 'स्लैब' में कर लगाया जाता है, जबकि 'पैक' किए गए खाद्य पदार्थ तथा आवश्यक वस्तुएं सबसे कम पांच प्रतिशत 'स्लैब' में हैं। पेट्रोल व डीजल को भी जीएसटी दायरे में लाने की जरूरत है। प्रत्यक्ष के साथ अगर अप्रत्यक्ष कर सुधारों पर जोर दिया जाएगा तभी देश में आदर्श टैक्सेशन तंत्र विकसित हो पाएगा।



## उपलब्धि

डॉ. मनसुख मांडविया



# खेलो इंडिया अब हर एथलीट की यात्रा का बड़ा हिस्सा क्यों

सात वर्ष पूर्व, हमने 2018 में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (केआईएसजी) के शुभारंभ के साथ एक आंदोलन की ज्योति प्रज्वलित की थी। आज जब मैं देखता हूं कि हम इस मामले में कितना आगे निकल चुके हैं, तो मुझे बेहत गर्व होता है, न केवल उन पदकों के लिए जो हमने जीते हैं, बल्कि जिस तरह से खेलो इंडिया ने हमारे देश में खेलों के मूल स्वरूप में बदलाव किया है, उसको देखते हुए भी यह अनुभूति होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में संकल्पित, खेलो इंडिया कभी भी केवल पदक जीतने के संदर्भ से जुड़ा नहीं था, सही मायने में यह खेलों के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन को प्रज्वलित करने के साथ-साथ एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने की परिकल्पना थी, जहां हर बच्चे को खेलने व समग्र रूप से विकसित होने का अवसर मिले। आज, यह आंदोलन खेलो इंडिया गेम्स के 16 संस्करणों में विस्तारित एक बहुआयामी राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में विकसित हो चुका है, यह एक ऐसी पारिस्थितिकी व्यवस्था बना रहा है जो युवा प्रतिभाओं का पोषण करती है, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करती है और खेलों में समावेशिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ भारत के एक प्रमुख वैश्विक खेल राष्ट्र बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की आधारशिला भी रखती है। खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (केआईएसजी) के उद्घाटन ने भारत में जमीनी स्तर की खेल क्रांति की दिशा तय की है। विद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपार संभावनाओं को पहचानते हुए, केआईएसजी ने युवा एथलीटों के लिए अंतर-स्कूल प्रतियोगिताओं से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में शामिल होने के लिए एक व मार्ग बनाया। पिछले कुछ वर्षों में, इस पहल ने हजारों एथलीटों की पहचान की है और उनका पोषण किया है, जिनमें से कुछ ओलंपिक और एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस व्यवस्था का सबसे बड़ा उदाहरण खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनु भाकर हैं, जिन्होंने स्कूल गेम्स से यूनिवर्सिटी गेम्स में पदार्पण किया और वह पेरिस ओलंपिक में दोहरी कांस्य पदक विजेता बनीं। खेलो इंडिया गेम्स के व्यापक ढांचे में केआईएसजी के विस्तार के साथ, जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान अधिक मजबूत हो चुकी है। विद्यालय, छोटी आयु की प्रतिभाओं के केंद्र बने हुए हैं और खेलो इंडिया ने यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है कि इन युवा एथलीटों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण के साथ बुनियादी सुविधाएं और प्रदर्शन करने के अवसर मिलें। आज, खेलो इंडिया के विद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर के चैंपियन उच्चतम स्तर पर पदक जीत रहे हैं और यह कार्यक्रम की प्रभावशीलता का प्रमाण है। अपनी स्थापना के बाद से, खेलो इंडिया ने अपने खेलों के 16 संस्करण आयोजित किए हैं, जिनमें छह युवा खेल, चार विश्वविद्यालय खेल, पांच शीतकालीन खेल और एक पैरा-खेल शामिल हैं। स्कूली खेल व उसके बाद के युवा खेल अब युवा एथलीटों के लिए प्रमुख प्रतियोगिता और भारत के भावी ओलंपियनों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिभा-खोज कार्यक्रम बन चुके हैं। इस विस्तार ने प्रतिस्पर्धा के विभिन्न स्तरों पर एथलीटों के लिए एक सहज प्रोत्साहन मार्ग सुनिश्चित किया है, जिससे भारत की खेल श्रृंखला मजबूत हुई है। खेलो इंडिया सिर्फ़ एथलीट पहचान कार्यक्रम से कहीं आगे बढ़ चुका है। अब इसमें कॉर्पोरेट, राज्य सरकारें, निजी अकादमियां और जमीनी स्तर के संगठन समेत कई हितधारक शामिल हैं। निजी क्षेत्र की भूमिका काफ़ी बढ़ गई है, जिसमें निगम प्रायोजन, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और एथलीट मेंटरशिप कार्यक्रमों के माध्यम से खेल विकास में निवेश कर रहे हैं। सरकार, राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) और कॉर्पोरेट संस्थाओं के साथ भागीदारी के ज़रिए लक्षित समर्थन सुनिश्चित करके खेलों में कॉर्पोरेट जुड़ाव को और बढ़ाने के लिए 'एक कॉर्पोरेट, एक खेल' पहल शुंभारभ कर रही है। राज्य सरकारों ने भी पहल की है, क्षेत्रीय खेल प्राथमिकताओं के आधार पर खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) का प्रस्ताव दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि खेल विकास स्थानीय ज़रूरतों के अनुरूप हो। इसके अलावा, देश के विभिन्न क्षेत्रों में ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र (ओटीसी) स्थापित करने की योजनाएं हैं। ये विश्व स्तरीय उच्च प्रदर्शन केंद्र पैरा-स्पोर्ट्स और स्वदेशी खेलों सहित शीर्ष एथलीट प्रशिक्षण प्रदान करेंगे और अत्याधुनिक खेल बुनियादी ढांचे, खेल विज्ञान और खेल चिकित्सा सुविधाओं से लैस होंगे। इसके अलावा, प्रशिक्षण देने के लिए राज्य उत्कृष्टता केंद्र (एससीओई) स्थापित किए जाएंगे।

(लेखक केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# 'यमुना में जहर' की राजनीति डरावनी

दिल्ली चुनाव


अवधेश कुमार

राजनीति में नेता और पार्टियां एक दूसरे के विरुद्ध आरोप लगाते हैं, नेताओं की आपसी दुश्मनी भी हुई किंतु कभी ऐसा आरोप नहीं लगा कि एक प्रदेश की सरकार दूसरे प्रदेश में चुनाव न जीतने के कारण पानी में जहर मिलाकर वहां के लोगों को मारना चाहती है। बाद में भले आम आदमी पार्टी और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतीशी ने पानी में अमोनिया की अधिकता की बात की, लेकिन केजरीवाल के वक्तव्य में अमोनिया का नाम तक नहीं था। विधानसभा चुनाव में किसकी जीत या हार होगी यह अलग विषय है। पर क्या आप की तरफ से इस तरह के जघन्य और घृणित आरोपों की राजनीति होनी चाहिए?

जब दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि यमुना से हमको वोट नहीं मिलता यह मैं समझ गया हूं तब उन्हें इसका आभास नहीं रहा होगा कि यमुना का पानी भी दिल्ली विधानसभा चुनाव का बड़ा मुद्दा हो सकता है। स्वयं उन्हीं के अकल्पनीय वक्तव्य से दिल्ली में यमुना का पानी इस समय बहुत बड़ा मुद्दा बन गया है। उन्हें अपने भयावह वक्तव्य के वर्तमान परिणतियों की भी आशंका नहीं रही होगी। भाजपा द्वारा शिकायत के बाद चुनाव आयोग ने उनसे नोटिस जारी कर विस्तृत विवरण मांगा और उनके उत्तर से स्वाभाविक ही संतुष्ट होने का कोई कारण नहीं था तो फिर दोबारा नोटिस भेजा गया है। इनमें अनेक प्रश्नों का उत्तर उनके लिए देना कठिन है। चुनाव आयोग ने साफ-साफ कहा है कि गोलमोलल जवाब देने की बजाय सीधे-सीधे उत्तर दें अन्यथा उन्हें पता है कि उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई हो सकती है। इसी तरह हरियाणा में भीउनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। केजरीवाल और उनकी पार्टी चुनाव आयोग भाजपा कांग्रेस को ही कह रही है कि वह अमोनिया वाला पानी पीकर दिखाएं मानो दिल्ली में यमुना पानी की उनकी नहीं, इनकी जिम्मेवारी है। निश्चित रूप से उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो सकता है। मुकदमे की परिणति जो भी हो उन्होंने जिस तरह की बातें कीं वैसा स्वतंत्र भारत के इतिहास में किसी भी नेता ने नहीं किया। इस आरोप से कि दिल्ली में आ रहे यमुना के पानी में हरियाणा सरकार ने जहर मिला दिया है, देश में सनसनी फैल गई। उन्होंने डिजिटल पेनिट्रेशन व उनके पार्टी ने इसे बायोलॉजिकल वीपन या जैव हथियारों से तुलना करते हुए जल आतंकवाद तक कह दिया।

राजनीति में नेता और पार्टियां एक दूसरे के विरुद्ध आरोप लगाते हैं, नेताओं की आपसी दुश्मनी भी हुई किंतु कभी ऐसा आरोप नहीं लगा कि एक प्रदेश की सरकार दूसरे प्रदेश में चुनाव न जीतने के कारण पानी में जहर मिलाकर वहां के लोगों को मारना चाहती है। बाद में भले आम आदमी पार्टी और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतीशी ने पानी में अमोनिया की अधिकता की बात की, लेकिन केजरीवाल के वक्तव्य में अमोनिया का नाम तक नहीं था। अगर वे कहते कि हरियाणा से दिल्ली आ रहे पानी में अमोनिया की मात्रा ज्यादा है और उनसे जानलेवा भयानक बीमारियां दिल्ली के लोगों को हो सकती है तो इसका उत्तर दूसरे तरीके से दिया जा सकता था। दिल्ली जल बोर्ड की ओर से इसका खंडन करते हुए बताया गया कि यमुना में इस मौसम में अमोनिया की मात्रा हमेशा ज्यादा रही है। चूंकि यहां उसके शोध की क्षमता नहीं है इसलिए पानी को दिल्ली आने से रोका जाता है। पहले आप की ओर से कहा गया कि जल बोर्ड ने राज्यपाल के दबाव में इस तरह खंडन किया है। अचानक उनकी रणनीति बदली और आप के नेता और प्रवक्ता जल बोर्ड के खंडन को ही अपने पक्ष में प्रमाण के रूप में प्रस्तुत करने लगे। तर्क यह दिया गया कि देखो, अरविंद केजरीवाल जी ने गलत तो कुछ कहा नहीं है जल बोर्ड भी वही कह रहा है जबकि जल बोर्ड ने इस समय हरियाणा द्वारा जहर डालने और उसके कारण पानी की कमी के आरोपों का खंडन किया था।

सच है कि केजरीवाल के आरोपों और दिल्ली के यमुना जल में अमोनिया की उपलब्धता की कोई तुलना



नहीं है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसकी आलोचना करते हुए आपराधिक मानहानि के मुकदमे के कारण भी दांव उल्टा पड़ा है। वैसे इसे अच्छा ही मनाना चाहिए कि लोगों के बीच यमुना जल की स्वच्छता निर्मलता आदि पर इसके कारण बहस चल रही है और लोग उसमें भाग ले रहे हैं। नायब सिंह सैनी ने पहले चुनौती दी कि मैं यमुना का जल पी कर दिखाऊंगा, केजरीवाल दिल्ली के यमुना जल को पीकर दिखाएं। सैनी ने पिया। आम आदमी पार्टी ने आधा वीडियो निकाल कर बताना शुरू किया कि ये तो मुंह में डालकर फेंक रहे हैं। पूरा वीडियो देखने वाले बता सकते हैं कि पहले पानी को उन्होंने कुल्ला किया और उसके बाद पीकर शरीर पर छिड़का है। कोई भी नेता दिल्ली के यमुना जल को मुंह में भी डालने का साहस नहीं दिखा सकता। यह कहना गलत नहीं होगा कि अरविंद केजरीवाल जैसे चालाक और क्षण में हावभाव बदलकर हर विषय को अपने प्रति सहानुभूति में बदलने में माहिर केजरीवाल को इस समय लेने के देने पड़ते दिख रहे हैं। विधानसभा चुनाव में किसकी जीत या हार होगी यह अलग विषय है। पर क्या इस तरह के जघन्य और घृणित आरोपों की राजनीति होनी चाहिए? क्या कोई भी पार्टी या सरकार इस कारण किसी राज्य की जनता को मारना चाहेगी कि उनका बहुमत उसे वोट नहीं दे रहा? इसी दिल्ली की जनता ने लोकसभा चुनाव में सभी सातों सीट भाजपा को दिया है। अगर दिल्ली की जनता को जहर दिया जाएगा तो उसमें बीजेपी के सदस्य, नेता और कार्यकर्ता भी मरेंगे। दिल्ली में हरियाणा के लोग भी भारी संख्या में होंगे। केजरीवाल की शैली ऐसी है कि वह जो बोलेंगे तो कुछ ऐसे लोग हैं जो उनकी बातों पर विश्वास कर लेते हैं। दुखद सच है कि अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी को काम करना नहीं आता। जब आपको काम करना नहीं आता तो आप अपने दायित्व से पल्ला झाड़ने के लिए दूसरों को दोषी ठहराते हैं। आरोप लगाते हैं कि उपराज्यपाल काम करने नहीं देता, केंद्र काम करने नहीं देता, हमारे पैसे नहीं देते, हमको झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल में डालती है आदि -आदि। अभी कह रहे हैं कि चुनाव आयोग भी अब हमको जेल में डालने वाला है। समूची दिल्ली की सड़कें गड्ढों में बदल चुकी है। लूटियन दिल्ली को छोड़ दें तो शायद ही दिल्ली में कोई सड़क हो जहां आपकी गाड़ी या सवारी सरपट चल सके। इस कारण ट्रैफिक जाम से लेकर गाड़ी के मेंटेनेंस के खर्च पड़ रहा है एवं प्रदूषण वृद्धि में भी इसका योगदान है। पानी की हालत यह है कि बहुत बड़ा वर्ग पानी खरीद कर पी रहा है। झोपड़ियां तक पानी के बड़े-बड़े कैन आ रहे हैं। 10 वर्ष के कार्यकाल में दिल्ली में किसी एक फ्लाईओवर और फुट ओवर ब्रिज की मरम्मत तो छोड़िए पेंटिंग भी नहीं हुई है।

यह तो नहीं माना जा सकता हरियाणा या उत्तर प्रदेश या पंजाब की नदियां पूरी तरह स्वच्छ व निर्मल हैं। हरियाणा के यमुना जल में कारखाने से निकलने वाले कचरे नहीं गिरते हैं यह भी नहीं कह सकते, पर दिल्ली जैसी यमुना में सड़ांध कहीं नहीं है। दिल्ली में पूरी यमुना की लंबाई का 2% है लेकिन इसके प्रदूषण का 80% अंशदान इसी का होता है। इसके लिए हम दूसरे सरकार को जिम्मेदार नहीं मान सकते। यमुना शुद्धिकरण की योजना पर तरीके से काम नहीं किया गया। यमुना स्वच्छता से लेकर नमामि गंगे आदि के तहत दिल्ली सरकार को पूरे पैसे और सहयोग मिले हैं। यहां निर्धारित 12 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्मित होकर चालू नहीं हुए। इसके लिए किसे दोषी माना जाएगा? जहां के जल का मुख्य स्रोत यमुना नदी हो वहां किस तरह का पीने का पानी और वातावरण मिल रहा होगा इसकी कल्पना करिए। किसी परिस्थिति में दूसरी सरकार को पूरे राज्य की जनता की हत्या की कोशिश करने बाला बता देना क्षमा योग्य राजनीति नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# श्रीकृष्ण का क्रिया योग



संकलित

दर्शन

योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक और 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद की श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के अनुसार, कृष्ण शब्द की अनेक व्युत्पत्ति में हैं। इनमें 'श्याम' सर्वाधिक प्रचलित है, जो उनके रंग-रूप की ओर संकेत करता है। उन्हें चित्रों में प्रायः गाढ़े नीले रंग का दिखाया जाता है, जो देवत्व का प्रतीक है। नीला रंग दिव्य नेत्र में (भ्रूमध्य के बीच) दिखने वाले नीले प्रकाश का भी प्रतीक है, जो योग में चेतना की कूटस्थ चैतन्य अवस्था को दर्शाता है। मतलब कृष्ण का रंग आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है और एक गूढ़ अर्थ की ओर संकेत करता है। योगानंद जी के अनुसार, इंद्रिय जनित लिप्स ग्रस्त संसार दिव्य प्रेम की शुद्धता को नहीं समझ पाता। शाब्दिक अर्थों से परे गोपियों संग कृष्ण लीलाओं का प्रतीकात्मक अर्थ, ब्रह्म और सृष्टि के उस रास से है, जो ईश्वरीय लीला को संसार में व्यक्त करता है। कृष्ण की वंशी की मधुर तान भक्तों को ध्यान जनित समाधि के मंडप में आने को पुकारती हैं, ताकि वह आनंददायक ईश्वरीय प्रेम का पान कर सकें। कृष्ण के जीवन का दर्शन हमें भौतिक जीवन के दायित्वों के निर्वहन और उन्हीं के बीच ईश्वर का सानिध्य पाने के प्रयासों के मध्य सामंजस्य साधना सिखाता है। कृष्ण सिखाते हैं कि परिवेश कुछ भी हो, ईश्वर को वहीं ले आओ, जहां उसने तुम्हें रखा है। कृष्ण ने अपने राजसी दायित्व निभाने हेतु दुष्ट शासकों के विरुद्ध कई अभियान किए, जिनमें कौरव-पांडवों के बीच हुए महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# शिव जी के अंशावतार हैं हनुमान जी



संकलित

प्रेरणा

शिव जी के 19 अवतारों में से एक अवतार है हनुमान। इसे शिव जी का अंशावतार माना जाता है। त्रेता युग में जब रावण का आतंक बढ़ गया, तब विष्णु जी राम अवतार लेने वाले थे। उस समय सभी देवताओं ने श्रीराम की सेवा और मदद करने के लिए अलग-अलग अवतार लिए थे। शिव जी ने श्रीराम के परमभक्त हनुमान जी के रूप में अवतार लिया था। जब श्रीराम अश्वमेध यज्ञ कर रहे थे। उनका यज्ञ घोड़ा घूमते-घूमते देवपुर नगर पहुंचा। उस नगर के राजा थे वीरमणि। वीरमणि शिव भक्त थे। राजा के पुत्र रुक्मांगद ने यज्ञ के घोड़े को बंदी बना लिया था। जब ये बात जब श्रीराम के भाई शत्रुघ्न को मालूम हुई तो उन्होंने देवपुर पर आक्रमण कर दिया। शत्रुघ्न और वीरमणि की सेना का युद्ध शुरू हुआ तो हनुमान जी भी वीरमणि की सेना खत्म करने लगे। राजा की हार होती देखकर शिव जी राजा की ओर से युद्ध करने लगे। युद्ध में जब शिव जी और हनुमान जी का सामना हुआ तो हनुमान जी ने उनसे पूछा कि आप तो राम भक्त हैं। फिर हमसे युद्ध क्यों कर रहे हैं। शिव जी ने कहा कि मैंने राजा वीरमणि को उसके राज्य की रक्षा करने का वचन दिया है इसलिए मुझे राजा की ओर से युद्ध करना पड़ रहा है, वह मेरा प्रिय भक्त है। शिव जी और हनुमान जी के बीच युद्ध हुआ, लेकिन जब शिव जी पराजित नहीं हुए तो उन्होंने श्रीराम का स्मरण किया। जब श्रीराम युद्ध में पहुंचे तो शिव जी राजा वीरमणि के साथ श्रीराम की शरण में चले गए। इस तरह ये युद्ध शांत हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### कितनी उम्मीदें पूरी कर रहा नया बजट?

मोदी सरकार ने अपनी तीसरी पारी का पहला बजट पेश किया। इस बार के बजट में सरकार ने इनकम टैक्स की दरों में बदलाव कर मोटी कमाई करने वाले लोगों को राहत दी। सरकार और इसके समर्थित राजनीतिक दल इस बजट को देश का विकास वाला बजट बता रहे हैं। लेकिन सवाल तो यह है कि इस आम बजट से ही क्या भारत का विकास संभव है? बेशक सरकार बेरोजगारों के लिए योजनाएं अमल में लाने की घोषणा करती है, लेकिन जब तक देश में राजनीतिक भेदभाव रहेगा, सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार रहेगा, तब तक दिल्ली में जो योजनाएं अमल में लाई जाएंगी, वो दूरदराज के शहरों और गांवों तक पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देंगी। – *रविन्द्र जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# पाक में जनवरी 2025 में आतंकवादी हमले तेजी से बढ़े


पाकिस्तान में जनवरी 2025 में आतंकवादी हमलों में तेजी से वृद्धि हुई और यह पिछले महीने की तुलना में 42 प्रतिशत अधिक है। एक 'थिंक टैंक' ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फिलक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआइसीएसएस) द्वारा जारी आंकड़ों का हवाला देते हुए 'डॉन' अखबार ने सोमवार को बताया कि देश भर में कम से कम 74 आतंकवादी हमलों में 91 लोगों की मौतें हुईं, जिनमें 35 सुरक्षाकर्मी, 20 नागरिक और 36 आतंकवादी शामिल हैं। वहीं, 117 घायलों की सूची में सुरक्षा बल के 53 जवान, 54 नागरिक और 10 आतंकवादी शामिल हैं। रिपोर्ट में यह रेखांकित किया गया है कि सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी अभियानों में जनवरी में 185 आतंकवादियों को मार गिराया। इसके साथ ही जनवरी, आतंकवादियों के मारे जाने के मामले में दूसरा सबसे घातक महीना बन गया। वर्ष 2016 के बाद से, एक महीने में मारे गए आतंकवादियों की सबसे अधिक संख्या दिसंबर 2024 में रही थी, जब सुरक्षा बलों ने 190 आतंकवादियों को मार गिराया था। जनवरी में आतंकवादी हमलों और सुरक्षा बलों के अभियानों में कुल 245 लोगों की मौत हुई, जिनमें 185 आतंकवादी, 40 सुरक्षा कर्मी और 20 नागरिक शामिल थे।



## ऑफ बीट

# नकारात्मक विचारों का कारण बन सकता है डेटिंग ऐप

दुनियाभर में लगभग 35 करोड़ लोग सच्चे प्यार की तलाश के लिए डेटिंग ऐप का सहारा लेते हैं। इन ऐप की सालाना कमाई औसतन पांच अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक दर्ज की गई है। ऑस्ट्रेलिया में 49 फीसदी वयस्कों ने मौजूदा समय में कम से कम एक डेटिंग ऐप या वेबसाइट पर सक्रिय होने की बात स्वीकारी है, जबकि 27 प्रतिशत अतीत में इनका इस्तेमाल कर चुके हैं। डेटिंग ऐप ने जहां सच्चे प्यार की खोज में कई लोगों की मदद की है। वहीं, एक नए अध्ययन में मैंने और मेरे साथियों ने पाया कि इन ऐप का इस्तेमाल रंग-रूप, कद-काठी को लेकर नकारात्मक विचारों का कारण बनने के साथ ही मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। 45 अध्ययनों के निष्कर्षों का विश्लेषण – हमने 45 अध्ययनों के निष्कर्षों का विश्लेषण किया, जिनमें डेटिंग ऐप के इस्तेमाल के तरीके के साथ-साथ यह पता लगाने की कोशिश की गई थी कि इनसे रंग-रूप, कद-काठी को लेकर व्यक्ति की सोच कैसे प्रभावित होती है और उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर क्या असर पड़ता है। इनमें से ज्यादातर अध्ययन 2020 या उसके बाद प्रकाशित हुए थे और इन्हें अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अंजाम दिया गया था।




## ट्रेंड

### नारे लगाएं या सदन चलने दें



यदि जनता ने आपको (सांसदों) नारे लगाने के लिए भेजा है जो यही काम करें या फिर कार्यवाही चलने दें। यदि सदन चलाना चाहते हैं तो अपनी सीट पर जाकर बैठिए और अपनी बारी का इंतजार कीजिए। **-ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

### श्रद्धालुओं को बधाई




महाकुम्भ-2025, प्रयागराज में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर पवित्र त्रिवेणी संगम में पावन अमृत स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने वाले पूज्य साधु-संतों, धर्माचार्यों, सभी अखाड़ों, कल्पवासियों एवं श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई। **-योगी आदित्यनाथ, सीएम**

### एआई में आगे बढ़ेगा भारत



भारत कृत्रिम मेधा (एआई) और हरित ऊर्जा क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है और वैश्विक आर्थिक वृद्धि में प्रमुख चालक के रूप में उभर रहा है। आने वाले दशकों में वैश्विक एआई क्रांति में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। **-एन. चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश**

### कृषि में एआई पर विचार



महाराष्ट्र सरकार कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की लागत कम करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस्तेमाल पर विचार कर रही है। फसलों की स्थिति, मृदा कार्बन स्तर और मृदा की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण कारकों की निगरानी एआई का उपयोग करके की जा सकती है। **-अजित पवार, डिप्टी सीएम, महाराष्ट्र**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में युवक की मौत, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** अपने पिता को रेलवे स्टेशन छोड़कर वापस लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन चालक ने ठोकर मारने से उसकी मौके पर मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि जोन 3 सेक्टर 11 खुर्सीपार निवासी मोहम्मद इस्माइल 30 जनवरी को अपने पिता को पावर हाउस रेलवे स्टेशन छोड़कर घर लौट रहा था। इस दौरान आईटीआई के सामने खुर्सीपार में अज्ञात वाहन चालक ने चपेट में लिया। हादसे में मो. इस्माइल की मौत हो गई। मृतक मो. इस्माइल के सिर के कनपटी के पास गंभीर चोट आई थी। उपचार के लिए युवक को शासकीय अस्पताल सुपेला लेकर जाया गया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना अस्पताल के वार्ड ब्याय ने दी है।

### पत्नी को जान से मारने की धमकी, गिरफ्तार

**भिलाई।** पत्नी के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पति के खिलाफ अपराध दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने धारा 127(2) ,324(4), 296,333, 351(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि आकांक्षा कुंज रिसाली में किराये के मकान में रहने वाली महिला ने वर्ष 2009 में प्रगति नगर रिसाली निवासी आसपुरन चौधरी के साथ प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद से पत्नी के साथ लगातार पति मारपीट करने लगा। वर्ष 2021 से महिला अपने दोनो बच्चों के साथ अलग रह रही है। 30 जनवरी की रात महिला अपने घर पर सो रही थी। इस दौरान पति आशपुरन घर के सामने के लोहे के दरवाजा से कुदकर आंगन के भीतर प्रवेश कर दरवाजा खटखटाने लगा। खिडकी से महिला के देखने पर ज्ञात हुआ कि उसका पति आसपूरन हाथ में डंडा लेकर खडा था।

### मुठभेड़ : पानीडोबीर मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली ढेर और एक गंभीर

# पानीडोबीर मुठभेड़ में जवानों को कंपनी नंबर पांच के सदस्य को मारने में मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- नक्सली मुठभेड़ के दौरान एसएलआर सहित अन्य सामग्री मिली

पानीडोबीर क्षेत्र के जंगल में नक्सलियों के उपस्थिति की जानकारी मिलने पर डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त टीम जंगल की ओर 2 फरवरी को रवाना हुई और 2 फरवरी को दोपहर ढाई बजे मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ के उपरांत सर्चिंग करने पर एक पुरूष नक्सली का शव, एसएलआर और नक्सलियों के अस्थायी कैंप में रखी सामग्रियों को जप्त किया गया। पुरूष नक्सली के शव की पहचान करवाई जा रही है। पुलिस का दावा है कि मुठभेड़ में कई और नक्सलियों के मारे जाने अथवा घायल होने की संभावना है।





जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला को पानीडोबरी क्षेत्र में माओवादी संगठन अंतर्गत उत्तर बस्तर-माड़ डिवीजन के सशस्त्र माओवादियों के जमावड़ा की जानकारी मिलने पर डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त टीम को 2 फरवरी को रवाना किया था। जवानों के जंगल में पहुँचने पर जवानों की आहट मिलते ही नक्सलियों ने जवानों पर 2 फरवरी को दोपहर को लगभग ढाई बजे के आसपास फायरिंग शुरू कर दिया। जवानों ने बचाव में जवाबी फायरिंग शुरू किया। यह फायरिंग दोपहर से प्रारंभ हुई जो लगभग पाँच से छः घंटे तक चली। पुलिस लगातार जिस तरफ से फायरिंग हुई थी, उसी तरफ मोर्चा संभालते हुए आगे बढ़ती रही। जवानों की टीम जब आगे बढ़ रही थी, उसी समय एक अस्थायी कैंप और कुछ सामान दिखा। अस्थायी कैंप के दस कदम आगे एक पुरूष नक्सली का शव मिला और उसके पास ही एसएलआर बंदूक मिली। जवानों की टीम आगे बढ़ी तो देखा बहुत खून पड़ा हुआ था। जवानों की मानें तो इस मुठभेड़ में अन्य नक्सली भी मौत के शिकार हुए होंगे और घायल भी हुए होंगे। पुलिस यह मान रही है कि मुठभेड़ कंपनी नंबर 05 की टीम से हुई है।

#### मुठभेड़ का होगा खुलासा

नक्सली हर बार मुठभेड़ के बाद विज्ञप्ति जारी करते है, इस मुठभेड़ की विज्ञप्ति जारी करेंगे, तभी यह खुलासा हो सकेगा कि वास्तव में नक्सलियों के अनुसार इस मुठभेड़ में उनका कितना नुकसान हुआ है। कई बार ऐसा हुआ है कि पुलिस ने जो आंकड़ा दिया है, उनकी विज्ञप्ति जारी होने के बाद आंकड़ा बढ़ता हुआ मिला है और पूरे नुकसान की जानकारी स्पष्ट हुई है।

#### मृतक नक्सली कंपनी नंबर 5 का था सदस्य

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि मृतक की पहचान मिलिट्री कंपनी नंबर 05 का सदस्य जतिन मंडावी के रूप में हुई है और इस पर 8 लाख का ईनाम घोषित है।

## हथौड़ी मार कर किसान की हत्या, अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत ग्राम मण्डानार के खेत लाड़ी में किसान का किसी अज्ञात व्यक्ति ने सिर में हथौड़ा मारकर हत्या कर दिया। मृतक का बेटा सुबह लाड़ी में गया, तब घटना की जानकारी हुई। मृतक के बेटे ने थाना में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया, जिस पर पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तालाश में जुटी हुई है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे मण्डानार निवासी 32 वर्षीय सोनसाय पोया पिता सोमारू राम पोया ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी व लोहारी का काम करता हूं। घर से कुछ दूरी पर बाड़ी है, जिसमें लाड़ी बना हुआ है, वहां पर लोहारी का दुकान है। उसी लाड़ी में मेरे पिता सोमारू राम रोज सोता था और खाना खाने के लिए घर में आता था। रोज की तरह 1 फरवरी की रात 8 बजें मेरे पिता घर से खाना खाकर लाड़ी में सोने के लिए चला गया।

अगले दिन 2 फरवरी को सुबह करीबन साढ़े 6 बजें जाकर देखा उसका शव खाट पर मृत अवस्था में पड़ा था। खाट पर ही किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा लोहा पीटने वाला हथौड़ी से सोमारू राम के सिर में मारकर चोट पहुंचाया है, खून निकला है। हथौडी से सिर में मारकर हत्या किया है। हमारी किसी से दुश्मनी भी नहीं है, उसके बाद भी किसी ने हमारे मपिता की हत्या कर दिया है। घटना के बाद से गाँव के माहौल में दहशत बनी हुई है। गांव वाले भी नहीं बता पा रहे है कि इस हत्या को किसने अंजाम दिया है।

## जिला अस्पताल में बदले बच्चे, जांच में जुटी समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिला अस्पताल दुर्ग में बच्चा बदलने के मामले की गुत्थी सुलझाने में अस्पताल प्रबंधन और प्रशासन का पसीना छूट रहा है। बदले गए दोनों बच्चे की माताओं के अपनी बात पर अडिग रहने से मामला उलझता जा रहा है। वस्तुस्थिति का पता लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम ने जांच शुरु कर दी है। विभागीय अधिकारी जल्द मामले का खुलासा नहीं होने पर डीएनए जांच करवाने पर विचार कर रहे हैं।

गौरतलब हो कि जिला अस्पताल में 23 जनवरी को शबाना कुरैशी और साधना ने बच्चे को जन्म दिया था। शबाना के बच्चे का जन्म दोपहर 1.25 और शबाना के बच्चे का



जन्म 1.32 बजे हुआ था। लेकिन मदर चाइल्ड यूनिट में कार्यरत कर्मी की चूक से दोनों के बच्चे बदल जाने के मामले से अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। बच्चा बदल जाने की बात तब सामने आई जब हफ्तेभर बाद डिस्चार्ज होने पर शबाना से शिकायत की कि उसका बच्चा बदल गया है।

#### बच्चे के लेकर माताएं अड़ीं

जिला अस्पताल में बच्चे बदल जाने का मामला अब पेंचीदा होता जा रहा है। जांच समिति दोनों महिलाओं,दोनों शिशु और मदर चाइल्ड यूनिट का मुआयना की है। मामला उलझता देख अब विभागीय अधिकारी जल्द वस्तुस्थिति सामने नहीं आने पर डीएन जांच कराने पर विचार कर रहे हैं। इस संबंध में सिविल सर्जन डां. हेमंत साहू ने बताता कि अभी जांच समिति जांच कर रही है। आगे वस्तुस्थिति सामने नहीं आने पर डीएनए जांच ही एकमात्र विकल्प बचा है। सूत्रों का कहना है कि सही स्थिति का पता लगाने तक आखिर दोनों बच्चे किसके पास रहेंगे,इस सवाल भी बना हुआ है। उल्लेखनीय कि दोनों बच्चे लड़के हैं और तंदुरुस्त हैं।

## मामूली विवाद में चला चाकू ग्राम घुमका की घटना

**बालोद।** ग्राम घुमका में मेला मड़ई के दौरान दो युवकों के बीच मामूली सी बात को लेकर हुए विवाद के बीच एक युवक ने दूसरे को चाकू मार दिया। घायल युवक को जिला अस्पताल बालोद लाया गया, जहां प्राथमिक ईलाज के बाद परिजनों ने बेहतर ईलाज के लिए बालोद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

घायल युवक के पिता इन्द्रूराम साहू ने बताया कि ग्राम घुमका में रविवार को मेला मड़ई कार्यक्रम के दौरान शाम 6.30 बजे मेरा लड़का भावेश कुमार साहू तथा चेतन साहू मेरे घर के पास मोबाईल से चेतन साहू के साथी युवराज को किसी बात की समझाईश दे रहे थे। उसी समय तुम मेरे साथी को समझाने वाले कौन होते हो कहकर भावेश साहू को चेतन साहू ने चाकू मार दिया। मामले में सोमवार को बालोद थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

फ्लैट बेचना है किराये से देना है
शंकर नगर रायपुर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें:-
मो. : 9977345867

## पंडवानी गायक पं. कन्हैयालाल पर चाकू से जानलेवा हमला

- चोरी करने घर में घूसे चोरों से किया रात डेढ़ बजे सामना, लहूलुहान होने के बावजूद नहीं छोड़ा चाकू

**लवन।** छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध पंडवानी गायक कलाकार पं.कन्हैयालाल व्यास 70 वर्ष लवन निवासी के घर में रविवार की रात चोरी के नियत से तीन चोर घुसे थे। हमले से पं. ब्यास के बाएं हाथ की उंगलियों में सात टांके लगे हैं। घटना रविवार रात लगभग 1.30 बजे की है। घटना के बाद घायल अवस्था में पं. ब्यास को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन ले जाकर उपचार कराया गया। घटना की रिपोर्ट लवन पुलिस थाना में कर दी गई है। पुलिस चोरों की तलाशी में जुट गई है। घटना के संबंध में आपबीती बात बताते पं. व्यास ने बताया कि रात्रि में उसकी पत्नी लीला देवी को वॉशरूम लगी और वह बाथरूम गई थी, इस बीच तीन नकाब पोस चोरों ने घर में पीछे की सीढ़ी तरफ से कूद कर प्रवेश किया और लाईट को बंद किया। जैसे ही बल्ब बंद हुआ बाथरूम में बैठी उनकी पत्नी ने चिल्लाई की बिजली कैसे बंद हो गई है।



## बेकाबू मालवाहक की ठोकर से सायकिल सवार की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला में सड़क हादसों की बढ़ती संख्या को रोकने हेतु प्रशासन द्वारा अभी तक उठाये कदम नाकाम सिद्ध हो रहे हैं। रविवार देर रात जिला मुख्यालय से लगे ग्राम रिसदा में घटित सड़क हादसे से सड़क खून से लाल हो उठी। प्रदत्त जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार भारी मालवाहक वाहन द्वारा बलौदाबाजार से सायकिल में वापस गांव लौट रहे ग्राम रिसदा निवासी संतोष पिता तुलसी वर्मा 40 वर्ष को चपेट में ले लिया, जिससे वाहन के पहिये तले सायकिल सवार युवक का सिर कुचल जाने से क्षत विक्षत होने के साथ उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने विरोध स्वरूप सड़कों पर चक्काजाम कर दिया था। हादसे की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली थाना पुलिस द्वारा घटना स्थल पहुंचकर मृतक के शव को तुरंत पीएम हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया गया था।



#### लगातार सड़क हादसों से ग्राम रिसदावासियों में दहशत

गौरतलब है कि बलौदाबाजार-सिमगा मार्ग पर स्थित ग्राम रिसदा में गांव के भीतर से जाने वाली इस सड़क के किनारे पर एक सीमेंट संयंत्र स्थापित होने के अलावा इसी मार्ग पर कुछ अन्य सीमेंट संयंत्रों के लिए भारी मालवाहक वाहनों की दिन रात आवाजाही लगी रहती है। ओव्हर लोड के साथ तेज रफ्तार से गुजरने वाले मालवाहक वाहनों के कारण इस मार्ग की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है। इ के बावजूद भी माल वाहक वाहनों की तेज रफ्तार के चलते आये दिन सड़क हादसे घटित होने के साथ जनधन की हानि पहुंचने से ग्रामवासियों में दहशत का वातावरण व्याप्त है।

### पिकअप ने कार को टक्कर मारी, दो घायल

**महासमुंद।** गाड़ाघाट पुलिया के पास एक पिकअप वाहन ने कार को टक्कर मार दिया। घटना में कार में सवार दो लोगों को चोटें आई। पुलिस को प्रार्थी हेमेंद्र मिश्रा ने बताया 1 फरवरी को वह अपने साथी आलोक कुमार शर्मा, धीरज सिंह के साथ टोयोटा ग्लांजा कार क्रमांक सीजी06एचबी 6674 से सराईपाली से महासमुंद आ रहे थे, लगभग शाम 5.55 बजे गाडाघाट पुलिया महासमुंद के पास पहुंचने पर महासमुंद की ओर से तुमगांव की ओर जा रही पिकअप वाहन क्रमांक सीजी06एम0752 के चालक अपने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बस को ओवरटेक करते कार को सामने से टक्कर मार दिया। घटना में कार में सवार आलोक शर्मा और धीरज सिंह को चोटें आई। पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888. (RO-2476)

आवश्यकता है- कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइलः - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

आवश्यकता है- रायपुर ऑफिस व कुम्हारी प्रेस के लिए सिक्युरिटी गार्ड की। भूतपूर्व सैनिक एवं अनुभवी को प्राथमिकता। संपर्क करेः- 12:00 से 1:00 बजे। नवबोध प्रकाशन, भीमसेन भवन के सामने, 7, समता कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) फोन- 0771-4200932. (RO-921)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- अमलीडीह रायपुर में घर की साफ सफाई एवं अन्य घरेलू कार्य हेतु अनुभवी पति पत्नी की आवश्यकता है,रहने की सुविधा। संपर्क 6262800016, 9425507654. (RO-475)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है कॉलोनी में कार्य करने हेतु सिक्युरिटी गार्ड: पुरुष -2 पद ड्युटी समय 12 घंटे बायोडाटा सहित मिलें। नशा आदि करने वाले संपर्क ना करें। संपर्क करें: अवीवा प्राइड, कांदुल रोड, बोरीयाखुर्द रायपुर मो.9303389000
Aditya Advt.

**बेकरी/मिस्त्री**

आवश्यकता है- दुर्ग शहर में नयी बेकरी के लिए अनुभवी बेकरी मिस्त्री की आवश्यकता है। कृपया संपर्क करें - 7999506963. (आरो न.-673)

आवश्यकता है- बेकरी शॉप हेतु युवक व युवतियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क टिकरापारा, रायपुर 9754178006. (RO-354)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में काम करने हेतु लड़के का वेतन 10000/- एवं लड़कियों का 7000 वेतन संपर्क करें हरिओम प्लास्टिक, पंडरी रायपुर प्रकाश होलसेल के बाजू 9131348561, 9300203900. (RO-7445)

**सेल्समैन**

आवश्यकता है- डिटॉल कंपनी के प्रोडक्ट की रायपुर में मार्केटिंग हेतु अनुभवी सेल्समैन की जो जनरल व मेडिकल मार्केट के बारे में जानकारी रखता हो, संपर्क करेः- अग्रवाल एजेंसी रायपुर Mob. 98264-16557. (RO-3270)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**वार्ड बॉय/गर्ल्स**

आवश्यकता है- वार्ड बॉय, वार्ड गर्ल्स एवं नर्सिंग स्टाफ को आवश्यकता है संपर्क करें- श्री गोविंद हॉस्पिटल, बॉस टाल, रायपुर फोन (0771)4913354, 7880106929. (RO-1630)

**ड्रायवर**

शीघ्र आवश्यकता है- 5 टाटा एस ड्राइवर (10000/15000) 2 ई रिक्शा ड्राइवर (8000/12000 फ्लैक्स मशीन ऑपरेटर ग्राफिक डिजाइनर, 2 सेल्स एग्जीक्यूटिव 1 टैलीकॉलर की संपर्क 8871117007, 7862187165. (RO-3812)

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 20000/-प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल :- 9644720222. (RO-32)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें- श्री जय महारानी इंडस्ट्री सेक्टर नंबर 8 - 9 रावाभाटा इन्डस्ट्रीयल ऐरिया पोस्ट बिरगांव बंजारी मंदिर में पीछे रावाभाटा रायपुर फोन- 7999 016578. (RO-6208)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**कार क्लीनर/कुक**

आवश्यकता है- तेलीबांधा के आगे वी.आई.पी. चौक के पास, रायपुर में शाकाहारी खाना एवं अन्य घरेलू कार्य करने के लिए पुरुषो की आवश्यकता है। ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटखा, तंबाकू या किसी प्रकार का नशा न करने वाले व्यक्ति संपर्क करें। संपर्क करें: 9300593000. (RO-1243)

**टेलीकॉलर/रिसेप्शनिस्ट**

आवश्यकता है- काउंटर में बैठने एवं कॉलिंग हेतु रिसेप्सनिष्ट की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें:- प्लेनेट स्पा इंडियन बॉयलर के सामने दक्षिणगंगोत्री सुपेला भिलाई मो-- 8871014900, 7879414900. (आरो न.-672)

आवश्यकता है- टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 7000 + कमीशन + वीकली बोनस से कमाए 15000 से 20000 तक। पताः- देवेंद्र नगर रायपुर (छ ग) मोबाइल 9630110656, 9752297987. (आरो न.-675)

**वेल्डर/फिटर**

आवश्यकता है- साइट में कार्य करने हेतु वेल्डर, फिटर, हेल्पर, एवं मार्केटिंग (सेल्स, स्वयं का वाहन - कमीशन) की अतिशीघ्र आवश्यकता है। संपर्कः- 14 रविशंकर शुक्ला मार्केट पावर हाउस भिलाई मो- 9329011025. (आरो न.-674)

आवश्यकता है- नवयुवकः ग्राहक को माल दिखाना एवं माल जमाने हेतु। सम्पर्क समय 10-3 बजे,ड्यूटी समय 10-8 श्री ट्रेडर्स, इंटीरियर वर्ल्ड, भाटागांव जलगृह मार्ग मो. 7879311110 (RO-M)

**(प्यून) चपरासी**

आवश्यकता है- गोडाऊन में कार्य हेतु लेबर (पीयून/चपरासी) की । सोना ट्रेडिंग कंपनी, सांता स्वीट्स के पास, भनपुरी बाजार चौक, भनपुरी, रायपुर । संपर्क - 6266694683 (समय - 10 से 6) (RO-920)

**पैकिंग/डिलिवरी कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य, माल पैकेजिंग, डिलवरी कार्य हेतु जो ई-रिक्शा चला सके 10वी, 12वी पास युवकों की आवश्यकता, मिलेः- डुको आर्ट शादीजा कंपाउंड LIG-64, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अवंति विहार रायपुर 99932-40022. (RO-3264)

**वर्कर**

आवश्यकता है- लेडीज वर्कर की आवश्यकता है प्लास्टिक PP फैक्ट्री के लिए पता- अमलेश्वर रोड रायपुरा, रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल नंबर 8319499355. (RO-3811)

**अन्य**

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Name address qualification/ Call/ WhatsApp/ SMS करें - 7903284986. (RO-669)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

बेचना है- शहर के प्राइम लोकेशन अग्रसेन चौक के पास जे. के. स्टील कम्पाउन्ड लेन में एक गोडाउन जिसमें 2400 वर्गफुट बिल्डअप एरिया एवं 1070 वर्गफुट का प्लांट एरिया बेचना है संपर्क- 8120970000, 9827165391. (RO-7201)

**भूमि**

भूमि बेचना है- अंजोरा से 6 कि. मी., ग्राम भरदा पिकनिक स्पॉट से मात्र 3 कि.मी. ग्राम बिरेझर में फॉर्म हाऊस के लिए प्लॉट उपलब्ध है। सम्पर्क :- 99814 23470. (आरो न.-670)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।


18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844



# गले में रुद्राक्ष..., माथे पर त्रिपुंड 'रुद्र' अवतार में दिखे प्रभाष...

**मुंबई।** बाहुबली फेम प्रभास के फैंस हमेशा ही उनकी फिल्मों को लेकर एक्साइटेड रहते हैं। बाहुबली के बाद प्रभास को साउथ में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में एक नई पहचान मिली है। कल्कि 2898 एडी के बाद अब प्रभास अपनी नई फिल्म 'कन्नप्पा' में नजर आने वाले हैं। ऐसे में 'कन्नप्पा' से प्रभास का लुक सामने आ गया है। प्रभास का लुक रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। सुपरस्टार प्रभास ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी अपकमिंग मूवी 'कन्नप्पा' से अपना लुक शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर पोस्ट किया है, जिसमें वो 'रुद्र' अवतार में नजर आर रहे हैं। इस तस्वीर को पोस्ट करते हुए प्रभास ने कैप्शन में लिखा, 'ॐ दिव्य संरक्षक 'रुद्र' ॐ'।

लाइफ Style



# अंजनी

## सलमान की सिकंदर में एंट्री पक्की

सिकंदर रिलीज से पहले ही खबरों में है। फिल्म को लेकर आए दिन कोई न कोई ऐसा आपडेट सामने आता है जो फिल्मी दुनिया में बज क्रिएट कर देता है। एक बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ है। सलमान खान की फिल्म सिकंदर में एक बॉलीवुड एक्ट्रेस की एंट्री हुई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

खुद एक्ट्रेस ने फिल्म में काम करने की खबर को कन्फर्म किया है। सिकंदर में सलमान खान के साथ काम करने वाली यह अभिनेत्री कोई और नहीं बल्कि अंजनी धवन हैं। 24 साल की अंजिनी ने पिछले साल ही फिल्म बिन्नी एंड फैमिली से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अब अंजिनी को मच अवेटेड फिल्म में एंट्री मिल गई है। अंजिनी धवन ने खुद सिकंदर में अपनी एंट्री को कन्फर्म किया है। एक बातचीत में उन्होंने फिल्म के सेट से अपना एक्सपीरियंस शेयर किया है। अंजिनी ने कहा, मैं इससे ज्यादा आभारी नहीं हो सकती हूं। हर बार जब मैं फिल्म के सेट पर जाती हूं तो मुझे खुद को चुटकी काटते हुए पूछना पड़ता है कि क्या यह रियल लाइफ है या मैं सपना देख रही हूं? हर एक दिन एक चुटकी लेने वाला पल होता है। अंजिनी धवन सलमान खान की बहुत बड़ी फैन हैं और उनके साथ काम करने को लेकर वह बहुत एक्साइटेड हैं। उन्होंने कहा, मैं उनकी सबसे बड़ी फैन बनकर बड़ी हुई हूं। मुझे उनकी फिल्में बहुत पसंद हैं, खासकर वे फिल्में जो उन्होंने और डेविड धवन सर ने साथ में की हैं, मुझसे शादी करोगी (2004) से लेकर पार्टनर (2007) तक बाद वाली फिल्म मुझे हर दिन देखने को मिलती है।

## हॉलीवुड मसाला




# पुरानी पोस्ट पर मांगी माफी

**लॉस एंजिलिस।** ट्रांसजेंडर अभिनेत्री कार्ला सोफिया गैसकॉन ने हाल ही में संगीत आधारित फिल्म 'एमिलिया पेरेज' के लिए ऑस्कर नामांकन पाकर इतिहास रच दिया था। अब वह अपनी पुरानी पोस्ट्स की वजह से विवादों में घिर गई हैं। हालांकि, उन्होंने सोशल मीडिया पर किए गए अपने कुछ पुरानी पोस्ट्स को लेकर माफी मांगी भी मांग ली है। इन पोस्ट्स में उन्होंने इस्लाम और जॉर्ज फ्लॉयड के बारे में विवादास्पद टिप्पणियां की थीं। बता दें कि 'एमिलिया पेरेज' को ऑस्कर में कुल 13 नामांकन प्राप्त हुए हैं।



# बिना कपड़ों के ग्रैमी में पहुंचीं बियांका...

**लॉस एंजिलिस।** ग्रैमी अवॉड्र्स संगीत की दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोहों में से एक है। इस समारोह में म्यूजिक की धुन भी सुनाई देती है और रेड कार्पेट पर फैशन का जलवा भी दिखाई देता है। हर साल की तरह इस साल भी लॉस एंजिलिस में ग्रैमी अवॉड्र्स होस्ट हुआ। इस ग्रैंड इवेंट में कुछ सितारे ट्रॉफी लेने आए तो किसी ने अपनी परफॉर्मेंस से लोगों के होश उड़ाए। कुछ सेलिब्रिटीज ने अनोखे लुक से भी लोगों का ध्यान खींच लिया। इनमें से एक कान्ये वेस्ट की पत्नी बियांका सेंसरी भी हैं। बियांका सेंसरी और कान्ये वेस्ट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रेड कार्पेट पर आने से पहले उन्होंने ब्लैक कलर का लॉन्ग जैकेट पहना था। मगर जैसे ही पोज देने की बारी आई तो उन्होंने अपना जैकेट उतार दिया। बियांका सेंसरी ने इवेंट में ट्रांसपेरेंट कपड़ा पहना था। उनका ये लुक देख कोई दंग रह गया।



# अनन्या की जोड़ी अक्षय के साथ बनी...

**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार का करियर एक बार फिर से ट्रैक पर लौटता हुआ दिखाई दे रहा है। इंडो-पाकिस्तान के बीच 1965 में हुई एयरस्ट्राइक के बाद अब अक्षय कुमार एक बड़ी ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म के साथ फिल्मी पर्दे पर लौटने के लिए कमर कस रहे हैं। फिल्म में उनके साथ पहली बार करण जौहर की स्टूडेंट अनन्या पांडे की जोड़ी नजर आने वाली है। दोनों की अपकमिंग फिल्म का टाइटल क्या है और कौन से फेस्टिवल पर अक्षय कुमार अपनी हिस्ट्रोरिकल ड्रामा फिल्म को रिलीज करेंगे। हेरा फेरी 3, वेलकम टू द जंगल, हाउसफुल 5 के बाद अक्षय कुमार अपनी साल 2019 की सबसे सफल फिल्म का सीक्वल लाने की तैयारी कर रहे हैं। पहले उनकी फिल्म का टाइटल शंकर रखा गया था, जिसे अब बदलकर केसरी चैप्टर 2 कर दिया गया है।



# 'दृश्यम-3' में अजय के साथ दिखेंगे मोहन

**मुंबई।** मलयालम सिनेमा को अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलाने वाली लेखक-निर्देशक जीतू जोसफ की फिल्म 'दृश्यम' का जिक्र होते ही लोग इसकी तीसरी कड़ी की स्थिति जानने के लिए उत्सुक हो जाते हैं। चर्चा रही है कि इसकी तीसरी कड़ी में मलयालम अभिनेता मोहन लाल और इसकी हिंदी रीमेक के हीरो अजय देवगन एक साथ नजर आ सकते है और ये हिंदी व मलयालम कहानियों का अनोखा क्रॉसओवर भी हो सकता है। फिल्म 'दृश्यम' नाम से पहली फिल्म साल 2013 में मलयालम में रिलीज हुई और फिल्म हिट होते ही अगले ही साल इसका कन्नड़ रीमेक 'दृश्या' और तेलुगु रीमेक 'दृश्यम' भी रिलीज हो गया। ये फिल्में भी हिट रहीं तो साल 2015 में इसका हिंदी रीमेक 'दृश्यम' और तमिल रीमेक 'पापनाशम' भी रिलीज हुए। ये दोनों फिल्में सुपर हिट रहीं।

## टीवी मसाला




# एकता ने की सुपरनैचुरल शो नागिन 7 की अनाउंसमेंट...

**मुंबई।** एकता कपूर को टीवी की क्विन यूं ही नहीं कहा जाता है। वह छोटे पर्दे पर कई हिट सीरियल्स देकर लोगों का मनोरंजन कर चुकी हैं। बचपन में शायद आपने भी कभी न कभी 'कसौटी जिंदगी की', 'कहानी घर-घर की' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' जैसे धारावाहिक नाटकों को आपने जरूर देखा होगा। नागिन 6 के ऑफ-एयर होने के बाद से ही दर्शक इसके अगले सीजन का इंतजार कर रहे हैं। आखिरकार एकता कपूर ने इस शो की राह देखने वालों की एक्साइटमेंट को बढ़ा दिया है। उन्होंने सीजन 7 की जानकारी देते हुए एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एकता टीम के साथ बैठी हुई हैं और नागिन के बारे में सवाल करती हैं। उन्होंने कहा, जो कोई भी इस बारे में जानना चाहता है कि नागिन कहां है? तो ये लड़की आज हम सभी को नागिन के बारे में जानकारी देगी। इसके बाद उनके साथ बैठी महिला ने कहा, नागिन पर्वत के नीचे और जहां होनी चाहिए वहीं पर है। इसके बाद एकता ने अनाउंसमेंट कर दी कि अब सर्वश्रेष्ठ नागिन बनाने का समय आ गया है।


## सौतेली मां पर फूटेगा प्रेम का गुस्सा

**मुंबई।** टीवी सीरियल अनुपमा का आज सोमवार का एपिसोड एक अजीब सी कश्मकश के नाम रहेगा जिसमें एक तरफ प्रेम परेशान है और दूसरी तरफ राही। उधर कोठारी परिवार में भी चीजें ठीक नहीं चल रही हैं जिनके बारे में दर्शको को आज के एपिसोड में पता चलेगा। रुपाली गांगुली और अद्रिजा रॉय स्टारर टीवी सीरियल अनुपमा के 3 फरवरी के एपिसोड में आप देखेंगे कि प्रेम और उसकी सौतेली मां के बीच काफी अजीब सा टेंशन देखने को मिलेगा। दरअसल प्रेम जब अपने कमरे में जाएगा तो सालों बाद उसी कमरे में खुद को पाकर पुरानी यादों में खो जाएगा। हर चीज को छूना उसके बचपन की यादें ताजा कर देगा और इसी बीच पहली बार शो में प्रेम की मां को भी दिखाया जाएगा। दरअसल वो अपनी मां के बारे में सोच रहा होगा और इस बीच दर्शक पहली बार प्रेम की सगी मां को देखेंगे। कमरे में प्रेम को जब उसकी बचपन में बनाई एक पेन्टिंग दिखाई पड़ेगी तो वह देखेगा कि किसी ने उसे फ्रेम करवाकर रख दिया है। तभी कमरे में प्रेम की सौतेली मां ख्याति कदम रखेगी।



# 50 साल में कंट्री ग्रैमी जीतने वाली पहली अश्वेत महिला बनीं बियॉन्से

*बियॉन्से ने इतिहास रच दिया है। इस बार वह 50 वर्षों में देशी संगीत श्रेणी में ग्रैमी जीतने वाली पहली अश्वेत महिला बन गईं। बियॉन्से ने 'II मोस्ट वांटेड' गीत पर माइली साइरस के साथ सहयोग के लिए सर्वश्रेष्ठ कंट्री डुओ/ग्रुप परफॉर्मेंस के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीता।*



***लॉस एंजिलिस।** बियॉन्से ने 2025 ग्रैमी अवाड्र्स शाम में 11 नामांकन के साथ एंट्री की, जिसमें काउबॉय कार्टर के लिए एल्बम ऑफ द ईयर और बेस्ट कंट्री एल्बम के लिए मंजूरी भी शामिल है। उनके हिट सॉन्ग 'टेक्सास होल्ड 'एम' को भी कई श्रेणियों में नामांकित किया गया था, जिसमें सॉन्ग ऑफ द ईयर, रिकॉर्ड ऑफ द ईयर और बेस्ट कंट्री सॉन्ग शामिल हैं। कंट्री श्रेणी में उनकी जीत ऐतिहासिक है, क्योंकि उन्होंने 50 साल की लंबे इंतजार को खत्म कर दिया है, जिससे बियॉन्से कंट्री ग्रैमी हासिल करने वाली पहली अश्वेत महिला बन गई हैं। डुओ या ग्रुप द्वारा सर्वश्रेष्ठ देशी गायन प्रदर्शन का पिछला रिकॉर्ड धारक 1975 में द पॉइंटर सिस्टर्स था। प्रीमियर समारोह में बियॉन्से ने शाम का अपना पहला पुरस्कार भी जीता। अब तक वह कुल 33 ग्रैमी जीत चुकी हैं। हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, वह पहले से ही इतिहास में सबसे अधिक सम्मानित ग्रैमी कलाकार हैं। बियॉन्से ने साल 2023 में ग्रैमी अवॉर्ड जीतकर कंडक्टर जॉर्ज सोल्टी को पीछे छोड़ा था और ग्रैमी इतिहास में सबसे ज्यादा अवॉर्ड जीतने वाली सिंगर बन गई थीं। उस समय वह 32 ग्रैमी अवॉर्ड जीतने के बाद ऑल टाइम लीडर बन गईं। इस साल उन्होंने दो ग्रैमी अवॉर्ड जीते हैं। ऐसे में अब वह 34 ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकी हैं।*

# दुनियाभर में स्काई फोर्स 150 करोड़ पार




**मुंबई।** बीते समय में लगातार फ्लॉप फिल्में देने वालीं सुपरस्टार अक्षय कुमार के लिए स्काई फोर्स कामयाबी की नई सौगात लेकर आई है। बॉक्स ऑफिस पर इस मूवी के धमाकेदार प्रदर्शन के दम पर उनकी हिट फिल्मों का सूखा पूरी तरह से खत्म हो गया है। वीकेंड पर एक बार फिर से मूवी की कमाई में तेजी देखने को मिली है, जिसके चलते वर्ल्डवाइड स्काई फोर्स के कलेक्शन में जबरदस्त उछाल आया है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार रिलीज 10वें दिन स्काई फोर्स ने करीब 10 करोड़ से अधिक का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया है, जिसकी बदौलत फिल्म की टोटल ग्लोबली इनकम 151 करोड़ के पार पहुंच गई है।

'रक्त ब्रम्हांड' में सामंथा एक बार फिर अपने एक्शन अवतार में आएंगी नजर

# बॉलीवुड जगत में इन अभिनेत्रियों के एक्शन का बजता है डंका ...

***मुंबई।** बॉलीवुड जगत अपनी अलग-अलग कहानियों और शानदार फिल्मों के कारण चर्चा में बना रहता है। फिल्मी जगह की अभिनेत्रियां भी अक्सर अपनी अलग तरह की फिल्मों के कारण चर्चा में रहती हैं। राज एंड डीके की सीरीज 'रक्त ब्रम्हांड' में सामंथा रुथ प्रभु एक बार फिर अपने एक्शन अवतार में नजर आएंगी। सामंथा इस सीरीज में आदित्य रॉय कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। आइए आपको बताते हैं ऐसी कुछ अभिनेत्रियों के बारे में जो अपनी एक्शन फिल्मों के कारण चर्चा में रहीं।*



**सामंथा रुथ प्रभु :** सामंथा रुथ प्रभु अपनी फिल्म रक्त ब्रम्हांड के कारण चर्चा में हैं। इससे पहले वे ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म सिटाडेल हनी बनी में अपने एक्शन अवतार में नजर आईं थीं। सामंथा इस सीरीज में वरुण धवन के साथ एक्शन सीक्वेंस करती नजर आईं थीं।




**प्रियंका चोपड़ा :** बॉलीवुड से हॉलीवुड में जाकर अपने करियर की अलग बुलंदी हासिल करने वाली प्रियंका चोपड़ा भी अपनी एक्शन फिल्मों के कारण चर्चा में रहती हैं। वे डॉन 2 (2011), अग्निपथ (2012) और कृष 3 (2013) में नजर आ चुकी हैं।



**शरवरी :** शरवरी को फिल्म 'मुंज्या' में देखा गया था। वे अब अपनी फिल्म 'अल्फा' के कारण चर्चा में हैं। इस फिल्म में शरवरी का एक्शन अवतार नजर आ सकता है।



**आलिया भट्ट :** फिल्म 'अल्फा' में शरवरी के साथ आलिया भट्ट भी नजर आने वाली हैं। आलिया इससे पहले 'जिगरा' में भी अपना एक्शन अवतार नजर आ चुकी हैं।



**दिशा पटानी :** बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पटानी को भी उनके एक्शन अवतार के कारण जाना जाता है। वे इससे पहले बागी 2 (2018), मलंग (2020), कल्कि 2898 एडी (2024) फिल्मों में एक्शन सीन कर चुकी हैं।



**करीना कपूर खान :** करीना कपूर भी बॉलीवुड में कई एक्शन फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। साल 2009 में रिलीज हुई फिल्म 'कुर्बान' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें करीना ने अवंतिका नाम की प्रोफेसर का रोल किया है। 'गब्बर इज बैक' भी करीना के करियर की अहम थ्रिलर फिल्मों में से एक हैं।

# फिल्म मिलने के बाद शुरू की शादी की तैयारियां...



**मुंबई।** महाकुंभ 2025 इन दिनों जमकर सुर्खियों में है। कभी कुंभ से भारी श्रद्धालुओं की भीड़ सुर्खियों में आती है तो कभी साधु संत और विवादों की वजह से अखाड़े भी हेडलाइन में आ जाते हैं। इतना ही नहीं इस महाकुंभ में विक्रेता भी जमकर चर्चाओं में आए हैं। खासतौर पर माला बेचने वाली मोनालिसा। जी हां, माला बेचकर मोनालिसा रातों रात पॉपुलर हो गई हैं। वह भी अपनी माला की वजह से नहीं अपनी खूबसूरत आंखों की वजह से। मोनालिसा ने जमकर हेडलाइन बटोरीं। कुंभ में आकर मोनालिसा इतनी पॉपुलर हो गई कीं उन्हें फिल्मों के ऑफर तक मिलने लगे। बताया जा रहा है कि मोनालिसा को फिल्म के लिए लाख रुपये मिले हैं, लेकिन बीते दिन मोनालिसा ने इस खबर को झुठला दिया था, लेकिन उन्होंने फिल्म के ऑफिर मिलने वाली खबर पर हामी भरी थी।मोनालिसा इतनी पॉपुलर हो गई हैं कि हर कोई उनसे जुड़ी हर एक छोटी बड़ी खबर जानने के लिए उत्सुक रहता है। बता दें कि मोनालिसा के सोशल मीडिया पर कई फैन पेज भी बन गए हैं जिसपर आए दिनों उनके फोटो और वीडियो जमकर वायरल हो रहे हैं। हाल ही में मोनालिसा का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

# ट्रंप के टैरिफ से घायल अमेरिका, नागरिकों की पहुंच से दूर टमाटर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने शपथ के बाद से ही दूसरे देशों के साथ टैरिफ वॉर शुरू कर दिया। ट्रंप की दलील है कि वह टैरिफ लगाकर अमेरिका को फिर से ताकतवर बनाएंगे।

- उपभोक्ताओं को जल्द पंसदीदी उत्पाद टमाटर, एवोकाडो और टकीला की ज्यादा कीमत चुकानी होगी

हालांकि, दुनियाभर के विशेषज्ञ मानते हैं कि ऐसा कर के ट्रंप दूसरे देशों के साथ-साथ अमेरिकी नागरिकों की भी मुसीबत बढ़ाएंगे। दरअसल, अमेरिका के नए टैरिफ वॉर की वजह से, आम अमेरिकी उपभोक्ताओं को जल्द ही अपने पसंदीदा प्रोडक्ट्स जैसे टमाटर, एवोकाडो और टकीला के लिए बहुत ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। इसकी सबसे बड़ी, वजह डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा से आने वाले आयातित सामानों पर नए टैरिफ लगाना है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी मतदाता पहले ही महंगाई से परेशान हैं और हाल ही में हुए चुनावों में इस मुद्दे पर अपनी नाराजगी जता चुके हैं।

## डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ के बाद दूसरे देशों के साथ शुरू किया टैरिफ वार

### अमेरिकी व्यापार का 40 फीसदी हिस्सा इन्ही देशों के पास

एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के तीन बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। चीन, मैक्सिको और कनाडा। अमेरिका के कुल व्यापार का लगभग 40 फीसदी हिस्सा इन्हीं के पास है। अमेरिका में टकीला की सबसे ज्यादा खपत होती है। जबकि, मेक्सिको और कनाडा टमाटर और एवोकाडो सहित कई एग्री प्रोडक्ट के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से हैं। 2019 और 2021 के बीच अमेरिका में सभी एवोकाडो शिपमेंट का लगभग 90 प्रतिशत मेक्सिको से आया था। ऐसे में ट्रंप द्वारा इन देशों से आने वाले सामान पर टैरिफ बढ़ाने से आम अमेरिकी नागरिकों की जेब पर सीधा बोझ बढ़ेगा।



### कनाडा ने आयात होने वाले उत्पादों की सूची जारी की

कनाडा ने अमेरिका को आयात होने वाले 1,256 उत्पादों की सूची जारी की है, जिन पर वह टैरिफ लगाएगा। इनमें पोल्ट्री, डेयरी उत्पाद, ताजे फल और सब्जियां, लकड़ी, पेपर उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक सामान शामिल हैं। यानी ये साफ है कि ट्रंप के टैरिफ वॉर से सिर्फ दूसरे देश ही प्रभावित नहीं होंगे, बल्कि आम अमेरिकी भी परेशानी में घिर जाएंगे।

### इन चीजों की भी बढ़ सकती है कीमत

अमेरिका, चीन से हर साल अरबों डॉलर के उपकरण और मशीनरी आयात करता है, जिनका इस्तेमाल टीवी, स्मार्टफोन और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक सामानों में किया जाता है। नए टैरिफ के जवाब में चीन भी कड़े कदम उठा सकता है, जिससे अमेरिकी उपभोक्ताओं पर और अधिक दबाव बढ़ सकता है। वहीं, मैक्सिको और कनाडा की सरकारें भी पलटवार कर रही हैं।

## खबर संक्षेप

### लेलैंड की बिक्री में आठ फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लेलैंड की इस साल जनवरी माह में कुल बिक्री पिछले साल की समान अवधि की तुलना में आठ प्रतिशत बढ़कर 17,213 इकाई हो गई। पिछले साल जनवरी में कंपनी ने 15,939 वाहन बेचे थे। मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री जनवरी में 11,384 इकाई रही।

### बजाज ऑटो की बिक्री सात प्रतिशत बढ़ी

BAJAJ
BAJAJ AUTO LTD.

**मुंबई।** बजाज ऑटो की जनवरी में निर्यात सहित कुल बिक्री सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 3,81,040 इकाई रही। कंपनी ने जनवरी 2024 में कुल 3,56,010 वाहनों की बिक्री की थी। वाहन विनिर्माता की वाणिज्यिक वाहनों सहित कुल घरेलू बिक्री पिछले महीने नौ प्रतिशत घटकर 2,08,359 इकाई रह गई, जो जनवरी 2024 में 2,30,043 इकाई थी।

### हिंदुस्तान मीडिया वेंचर्स को 18 करोड़ का लाभ

Hindustan Media Ventures Limited

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड (एचएमवीएल) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 18 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी को गत वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (दिसंबर) में 82 लाख रुपये का घाटा हुआ था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय आठ प्रतिशत बढ़कर 197.47 करोड़ रुपये हो गई।

### अनंत राज का शुद्ध लाभ बढ़कर 110 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी अनंत राज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 54 प्रतिशत बढ़कर 110.32 करोड़ रुपये हो गया। 2023-24 की इस अवधि (दिसंबर) में शुद्ध लाभ 71.83 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर) में कुल आय बढ़कर 543.97 करोड़ रुपये हो गई।

### नए आयकर विधेयक पर सुझाव दें उद्योग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के प्रमुख रवि अग्रवाल ने उद्योग जगत से नए आयकर विधेयक पर अपने सुझाव देने को कहा। यह विधेयक इस सप्ताह संसद में पेश किया जाएगा। नया आयकर विधेयक छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान ले सकता है। इसे छह महीने के भीतर तैयार किया गया है। करदाताओं के लिए कर अनुपालन को सुगम तथा इसे पढ़ने व समझने में आसान बनाने के लिए भाषा को सरल रूप देने के प्रयास किए गए हैं।

## राज्यों को 16वें वित्त आयोग से संपर्क करना चाहिए

# राजस्व हस्तांतरण पर राज्य अपनी चिंताएं वित्त आयोग के समक्ष रखें: सीतारमण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'अनुचित' कर राजस्व हस्तांतरण पर दक्षिणी राज्यों के चिंता जताने पर कहा है कि राज्यों को 16वें वित्त आयोग के साथ संपर्क कर अपनी चिंताओं से अवगत कराना चाहिए क्योंकि आयोग की अनुशंसाओं से ही राजस्व के बंटवारे में राज्यों की हिस्सेदारी तय होगी। वित्त आयोग कर राजस्व के बंटवारे का फॉर्मूला तय करने के लिए जनसंख्या को एक मानदंड मानता है।

हालांकि, जनसंख्या वृद्धि पर लगाम लगा पाने में कामयाब रहे दक्षिणी राज्यों को ऐसा लगता है कि उन्हें बड़ी आबादी वाले उत्तरी राज्यों की तुलना में कमतर आंका जाता है।

आयोग को राज्य अपनी चितांओं से अवगत कराए

वित्त आयोग फार्मूला तय करने जनसंख्या को मानदंड मानता है

दक्षिणी राज्यों को लगता है उन्हें उत्तरी राज्यों से कम राजस्व मिल रहा

### करों का हस्तांतरण वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप

वित्त मंत्री ने दक्षिणी राज्यों की इन शिकायतों के संदर्भ में कहा कि केंद्र सरकार राजस्व हस्तांतरण के फॉर्मूले पर फैसला नहीं करती है। करों का हस्तांतरण वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप किया जाता है और असंतुष्ट दक्षिणी राज्यों को मापदंडों में बदलाव के लिए आयोग से संपर्क करना चाहिए।

### पांच साल के लिए आयोग ने की थी सिफारिशें

वित्त आयोग आमतौर पर पांच साल के लिए कर राजस्व के विभाजन के लिए सिफारिशें देता है। 13वें वित्त आयोग ने 2010-11 से 2014-15 के लिए सिफारिशें दी थीं और 14वें वित्त आयोग ने 2015-16 से 2019-20 के लिए सिफारिश की थीं। 15वें वित्त आयोग ने अपनी पहली रिपोर्ट में 2020-21 और फिर 2021-2025-26 के लिए सुझाव दिए थे।



### 15वें आयोग ने राज्यों का हिस्सा घटाया

14वें वित्त आयोग ने शुद्ध कर प्राप्तियों में राज्यों का हिस्सा 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर दिया था। लेकिन 15वें वित्त आयोग ने इसे घटाकर 41 प्रतिशत कर दिया था।

### कर हस्तांतरण के लिए सिद्धांत निर्धारित है

'राज्यों को वित्त आयोग के साथ मिलकर उन मापदंडों के बारे में अपनी चिंताएं व्यक्त करनी चाहिए जिनके आधार पर कर हस्तांतरण के सिद्धांत निर्धारित किए गए हैं। अगर वे एक दशक से आगे के बारे में सोचते हैं, तो वहां एक अलग ही प्रतिमान देखने को मिलता है।''

*दक्षिण के पांच राज्यों की हिस्सेदारी घटी : दक्षिण भारत के पांच राज्यों- आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल की 2021-22/2024-25 के दौरान कर राजस्व में हिस्सेदारी घटकर 15.8 प्रतिशत रह गई जबकि 2014-15 में यह लगभग 18.62 प्रतिशत थी।*

### आयोग पांच वर्षों के लिए अनुशंसाएं देगा

वित्त मंत्री ने कहा, ''चाहे सिद्धांत कुछ भी हो या कोई भी कारक हो, उन्हें वित्त आयोग के समक्ष अपनी बात रखनी चाहिए। अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में गठित 16वें वित्त आयोग को 31 अक्टूबर, 2025 तक अपनी सिफारिशें देने का काम सौंपा गया है। आयोग अगले पांच वर्षों के लिए अपनी अनुशंसाएं देगा।

### केंद्र वित्त आयोग की सिफारिशें अपनाता है

सीतारमण ने कहा, 'उन मुद्दों को वित्त आयोग के समक्ष उन्हें ही रखना होगा। आखिरकार केंद्र वित्त आयोग की सिफारिशों एवं मुख्य सुझावों को ही अपनाता है और उनका पालन करता है। उन्होंने कहा कि दक्षिणी राज्यों के लिए कर राजस्व के हस्तांतरण को लेकर चिंता जाहिर करना उचित नहीं है, क्योंकि यह फैसला केंद्र सरकार नहीं करती है।

# भारत की पीएमआई विनिर्माण दर छह माह के उच्च स्तर पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- निर्यात में 14 वर्षों में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई
- पीएमआई सूचकांक जनवरी में 57 .7 रहा

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जनवरी में छह महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। निर्यात में करीब 14 वर्षों में सबसे तेज वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) जनवरी में 57.7 रहा जो दिसंबर में 56.4 था। फरवरी 2011 के बाद से नए निर्यात ऑर्डर में सबसे तेज वृद्धि से इसे समर्थन मिला।

पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, जनवरी में भारत का विनिर्माण पीएमआई छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। घरेलू और निर्यात मांग मजबूत रही, जिससे नए ऑर्डर में वृद्धि को समर्थन मिला। वस्तु उत्पादकों ने नए ऑर्डरों में पर्याप्त वृद्धि का श्रेय बेहतर घरेलू मांग तथा अंतरराष्ट्रीय बिक्री में वृद्धि को दिया। इसके बाद, भारत में विनिर्माताओं ने उत्पादन की मात्रा को बढ़ाना जारी रखा। यह वृद्धि अक्टूबर 2024 के बाद से सबसे तेज है। कंपनियां भविष्य में उत्पादन की संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं।

### मांग में तेजी के कारण बिक्री मूल्यों में मजबूती

करीब 32 प्रतिशत कंपनियों ने वृद्धि का अनुमान लगाया तथा केवल एक प्रतिशत ने कमी आने की आशंका जाहिर की है। कीमतों के मोर्चे पर, लागत दबाव 11 महीनों में सबसे कमजोर स्तर पर पहुंच गया लेकिन मांग में तेजी के कारण बिक्री मूल्यों में मजबूती से वृद्धि हुई।

# कार्यालय के लिए भर्तियां जनवरी में चार फीसदी बढ़ीं

एजेंसी ⏭ मुंबई



- भर्तियों में एफएमसीजी, औषधि व बीमा क्षेत्रों की प्रमुखता रही

जनवरी महीने में कार्यालय में बैठकर किए जाने कार्यों के लिए भर्ती गतिविधियां चार प्रतिशत बढ़ गईं। इसमें दैनिक उपभोग का सामान बनाने वाली एफएमसीजी कंपनियों, औषधि एवं बीमा क्षेत्रों की प्रमुखता रही। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

भर्ती गतिविधियों से जुटे पोर्टल नौकरी डॉट कॉम ने नौकरी जॉबस्पीक सूचकांक के आधार पर जनवरी में भर्ती गतिविधियां तेज होने की जानकारी दी। नौकरी डॉट कॉम के मुख्य कारोबार अधिकारी पवन गोयल ने एक बयान में कहा, पिछले साल जनवरी में भर्तियों में 11 प्रतिशत की निराशाजनक गिरावट रही थी। इसके उलट वर्ष 2025 की शुरुआत सकारात्मक रही है।

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के कारण भर्ती गतिविधियां संयमित रही हैं। हालांकि, एफएमसीजी, औषधि, बीमा और आतिथ्य जैसे अधिकांश प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि कार्यालय भूमिकाओं के लिए एक अच्छा संकेत है। रिपोर्ट कहती है कि एफएमसीजी (16 प्रतिशत), बीमा (15 प्रतिशत) और औषधि (11 प्रतिशत) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन के साथ स्थिर भर्ती माहौल है जबकि आतिथ्य क्षेत्र में आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि आईटी भर्ती सपाट रही है। नौकरी जॉबस्पीक एक मासिक सूचकांक है जो भारतीय नौकरी बाजार एवं भर्ती गतिविधियों को दर्शाता है। यह नौकरी डॉट कॉम के रिज्यूमे डेटाबेस पर भर्तीकर्ताओं द्वारा नई नौकरियों की सूचीबद्धता और नौकरी की तलाश पर आधारित है।

### राजस्थान का प्रदर्शन बेहतर रहा

इस बीच, जनवरी के भर्ती परिदृश्य में राजस्थान का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है जिसके जोधपुर और उदयपुर जैसे शहरों ने क्रमशः 35 प्रतिशत और 32 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर दर्ज की।

# व्यापार युद्ध की आशंका में सेंसेक्स 319 अंक टूटा

एजेंसी ⏭ मुंबई



- कमजोर वैश्विक रुझानों से बाजार में रही गिरावट
- सेंसेक्स में पांच कारोबारी दिनों से जारी तेजी थमी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अपने कुछ व्यापारिक साझेदारों पर शुल्क लगाने और कमजोर वैश्विक रुझानों को देखते हुए प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए।

इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 319.22 अंक गिरकर 77,186.74 पर बंद हुआ। इसके साथ ही सेंसेक्स में पांच कारोबारी दिनों से जारी तेजी थम गई। कारोबार के दौरान यह 749.87 अंक या 0.96 प्रतिशत गिरकर 76,756.09 पर आ गया था। निफ्टी 121.10 अंक गिरकर 23,361.05 पर आ गया। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग में भारी गिरावट हुई। यूरोप के बाजारों में भी भारी गिरावट देखी गई। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार गिरकर बंद हुए थे।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''ट्रंप के चीन, मेक्सिको और कनाडा पर शुल्क लगाने की घोषणा के बाद वैश्विक इक्विटी बाजारों में गिरावट ने भारतीय बाजारों को भी प्रभावित किया।

*इन शेयरों ने दर्ज की लाभ-हानि*

*सेंसेक्स के शेयरों में लार्सन एंड टूब्रो, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, आईटीसी, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल और मारुति में बढ़त हुई।*

# सॉफ्टबैंक व ओपनएआई ने संयुक्त कंपनी की स्थापित

**टोक्यो।** जापान के प्रौद्योगिकी दिग्गज सॉफ्टबैंक समूह और ओपनएआई ने अपनी एआई साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए एसबी ओपनएआई जापान नामक 50-50 हिस्सेदारी वाली कंपनी की स्थापना की सोमवार को घोषणा की।

सॉफ्टबैंक के प्रमुख मासायोशी सोन और ओपनएआई के प्रमुख सैम अल्टमैन ने तोक्यो में एक कार्यक्रम में अपने सहयोग के बारे में जानकारी दी और जापानी कंपनियों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। सोन ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) सेवा 'क्रिस्टल' का इस्तेमाल कंपनियों द्वारा योजना बनाने, विपणन, ईमेल और पुराने स्रोत कोड का पता लगाने के लिए किया जा सकता है।

# एक समान टोल नीति लाने पर काम जारी : गडकरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों को राहत देने के लिए एक समान टोल नीति पर काम कर रहा है।

गडकरी ने यह भी कहा कि अब भारत का राजमार्ग बुनियादी ढांचा अमेरिका के बराबर है। ''हम एक समान टोल नीति पर काम कर रहे हैं। यात्रियों को होने वाली समस्याओं का समाधान होगा।' गडकरी अधिक टोल शुल्क और खराब सड़क की शिकायतों के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वालों के बीच बढ़ते असंतोष पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर एक बाधा रहित वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली आधारित टोल संग्रह प्रणाली को लागू करने का फैसला किया है। गडकरी ने कहा कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय सोशल मीडिया पर यात्रियों की शिकायतों को बहुत गंभीरता से ले रहा है और इसमें शामिल ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रहा है। इस समय राष्ट्रीय राजमार्गों पर कुल यातायात में निजी कारों की हिस्सेदारी लगभग 60 प्रतिशत हैं, जबकि इन वाहनों का टोल राजस्व संग्रह में हिस्सा मुश्किल से 20-26 प्रतिशत है। पिछले 10 साल में अधिक से अधिक खंडों पर टोल संग्रह शुरू होने से टोल शुल्क बढ़ा है।

# पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज में छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 'चरकायतन' का समापन



**हरिद्वार।** आयुष मंत्रालय के अंतर्गत स्वायत्त संगठन राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ द्वारा आयुर्वेद शिक्षकों और स्नातकोत्तर व स्नातक विद्वानों के लिए छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 'चरकायतन' का आयोजन पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि 'चरकायतन' का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में चरक संहिता का प्रामाणिक नैदानिक ज्ञान और अभ्यास की प्रासंगिकता प्रदान करना और चरक संहिता को सीखने व पढ़ाने के कौशल को विकसित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आयुर्वेद केवल जीवन निर्वहन का साधन नहीं, बल्कि यह ऋषि ऋण से उऋण होने का एक साधन है।

## डॉलर के मुकाबले रुपया हुआ आज चारों खाने चित

# रुपए में गिरावट से ईंधन, दवाइयां व इलेक्ट्रॉनिक सामान होंगे महंगे!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया सोमवार को चारों खाने चित्त हो गया। पहली बार रुपया डॉलर के मुकाबले 87 के पार चला गया। करेंसी बाजार खुलते ही रुपया 42 पैसे की गिरावट के साथ 87.06 के लेवल पर खुला, जबकि कारोबार शुरू होने के 10 मिनट के भीतर ये 55 पैसे तक गिर गया और 1 डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 87.12 रुपए प्रति डॉलर तक चला गया। अब सवाल उठता है कि रुपये के गिरने से आम भारतीयों की जेब पर कैसा असर होगा।

रुपए की कमजोरी का प्रभाव कई क्षेत्रों में साफ देखा जा सकता है। रुपए के कमजोर होने से आयातित वस्तुओं यानी जो चीजें विदेश से भारत आती हैं, की लागत बढ़ जाएगी। इसमें खाद्य तेल, दालें और अन्य जरूरी चीजें शामिल हैं। जैसे ही आयात की लागत बढ़ेगी, इन वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ेंगी, जिससे घरेलू बाजार में महंगाई का सामना करना पड़ेगा।

### क्यों गिरा रुपया

भारतीय रुपए की इस गिरावट के पीछे कई कारण हैं। सबसे बड़ा कारण है, अमेरिका की ओर से लगाए जा रहे टैरिफ। इससे डॉलर को लेकर आकर्षण बढ़ गया है। इस वजह से डॉलर के मुकाबले दूसरी करेंसी में गिरावट देखने को मिली है। इसके अलावा, अमेरिका में रोजगार वृद्धि के कारण डॉलर की मांग बढ़ी है, जिससे रुपए पर दबाव पड़ा है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है, जिससे आयात बिल बढ़ा है।



- करेंसी बाजार खुलते ही रुपया 42 पैसे गिरकर 87 .06 स्तर पर खुला

### दवाइयां हो जाएंगी महंगी

भारत में ज्यादातर दवाइयां विदेश से मंगाई जाती हैं, यानी आयात की जाती हैं। ऐसे में जब रुपए में ऐतिहासिक गिरावट देखी गई है तो इसका असर इनकी कीमतों पर भी पड़ेगा। रुपए की गिरावट के चलते देश में दवाइयां भी महंगी हो सकती हैं।



### तेल और इलेक्ट्रॉनिक सामान होगा महंगा

कच्चा तेल और ऊर्जा भी महंगी हो जाएगी। दरअसल, भारत कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक है। रुपए के कमजोर होने से कच्चे तेल का आयात महंगा होगा, जिससे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। इससे परिवहन लागत भी बढ़ेगी, जो अंत में सभी वस्तुओं की कीमतों को प्रभावित करेगी।

### कैपिटल गुड्स भी होंगे महंगे

इलेक्ट्रॉनिक और कैपिटल गुड्स भी महंगे होंगे। दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक सामान और मशीनरी के ज्यादातर पार्ट्स विदेश से आयात किया जाता है। रुपए की गिरावट से इनकी कीमतें भी बढ़ेंगी, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक खर्च करना पड़ेगा। इसके अलावा, विदेश में पढ़ाई करने या यात्रा करने वाले छात्रों और यात्रियों को भी अब अधिक खर्च करना पड़ेगा। डॉलर के मुकाबले रुपए की कमजोरी से उनकी शिक्षा और यात्रा लागत में बढ़ोतरी होगी।

# रिलायंस डिजिटल सिर्फ 30 मिनट में सैमसंग गैलेक्सी एस25 सीरीज की करेगा डिलीवरी




**मुंबई।** भारत की अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल श्रृंखला, रिलायंस डिजिटल, 4 फरवरी 2025 को लांच होने वाले सैमसंग गैलेक्सी एस25 सीरीज के स्मार्टफोन के लिए 30 मिनट में डिलीवरी की सुविधा देने जा रही है। ग्राहक अब ऑनलाइन के माध्यम से ऑर्डर करने पर उसी दिन अपने डिवाइस प्राप्त कर सकेंगे।

कंपनी का 650+ स्टोर्स का व्यापक नेटवर्क इसे संभव बनाता है। रिलायंस डिजिटल की यह सुविधा ग्राहकों को तुरंत सैमसंग की नई तकनीक का अनुभव देने का मौका देती है, बिना किसी देरी के। ग्राहक चुनिंदा शहरों में इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं, जहां वे ऑर्डर करते समय 'सबसे तेज़ डिलीवरी' विकल्प चुन सकते हैं और 30 मिनट के भीतर डोरस्टेप डिलीवरी प्राप्त कर सकते हैं। यह सेवा स्टोर की उपलब्धता और स्थान की निकटता पर निर्भर है।


# प्रज्ञाननंदा बने चैंपियन, टाईब्रेकर में गुकेश को हराकर जीता टाटा शतरंज का खिताब

एजेंसी ▶▶| विज्क आन ज़ी

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने हमवतन और विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर पहली बार टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता। प्रज्ञाननंदा की इस जीत से भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज में अपना दबदबा भी कायम रखा। भारतीय शतरंज का गढ़ बन चुके शहर चेन्नई के 19 वर्षीय प्रज्ञाननंदा ने रविवार को यहां टाईब्रेकर में विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी 18 वर्षीय गुकेश को 2-1 से हराया। गुकेश को यहां लगातार दूसरे वर्ष टाईब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा। पिछली बार वह चीन के चीनी वेई यी से हार गए थे।

## टाईब्रेकर का सहारा

विजेता का चयन करने के लिए टाईब्रेकर का सहारा इसलिए लेना पड़ा क्योंकि दोनों खिलाड़ी अपने 13वें दौर के मुकाबले हार गए थे जिसके बाद वे 8.5 अंक लेकर बराबरी करते। जहां गुकेश को अपने साथी भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से हार का सामना करना पड़ा वहीं प्रज्ञाननंदा जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार गए।




## रोमांच से भरा दिन

'मेरे हाथ अब भी कांप रहे हैं। यह कितना रोमांच से भरा दिन था। मेरे पास इसको व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं है। मुझे वास्तव में जीत की उम्मीद नहीं थी लेकिन चीजें मेरे अनुकूल होती रही।'

- आर प्रज्ञाननंदा



## वापसी कर बने विजेता

केवल दो साल की उम्र से शतरंज खेल रहे प्रज्ञाननंदा ने कहा, 'मेरे लिए यह दिन खास है क्योंकि मैंने टूर्नामेंट जीता है। लेकिन निश्चित तौर पर यह तनाव से भरा दिन था।' गुकेश ने टाईब्रेकर में पहली बाजी जीतकर बढ़त बनाई लेकिन प्रज्ञाननंदा ने इसके बाद शानदार वापसी करके अगली दोनों बाजियां जीत कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

## विंसेंट के स्तर के आसपास नहीं

प्रज्ञाननंदा ने कहा, 'विंसेंट के खिलाफ मैं उस स्तर के आसपास भी नहीं खेल पाया, जिस स्तर पर मैं यहां खेल रहा था। मुझे अर्जुन को कोई उपहार देना चाहिए क्योंकि कई बार मुझे लगा कि गुकेश ने टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन किया। मैं जीत का लक्ष्य लेकर यहां आया था लेकिन चुनौती काफी कड़ी थी। मैं वास्तव में कल तक इसके बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा था। मैं काफी थक चुका हूं और अब थोड़ा विश्राम करना चाहता हूं।'

## खबर संक्षेप



### भारतीय मैचों के टिकट की बिक्री शुरू

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के ग्रुप चरण के तीन मैचों और दुबई में होने वाले पहले सेमीफाइनल के लिए टिकटों की बिक्री सोमवार शाम से शुरू हो गई है। चैंपियंस ट्रॉफी का यह सत्र 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में आयोजित होगा। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। टिकटों की कीमत 125 एईडी (लगभग 2,900 रुपए) से शुरू होगी। टिकट शाम साढ़े पांच बजे से खरीदने के लिए उपलब्ध थे। कराची, लाहौर और रावलपिंडी में होने वाले 10 मैचों के लिए टिकटों की बिक्री पिछले सप्ताह शुरू हो चुकी है।

### लगातार 250 से अधिक रन बनाना हमारा लक्ष्य

**मुंबई।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि टीम ज्यादा जोखिम उठाकर अनुकूल परिणाम हासिल करने का अपना रवैया बरकरार रखेगी और उनका लक्ष्य टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार 250 से अधिक रन बनाना है।



भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टी20 श्रृंखला में ज्यादा जोखिम लेने का रवैया अपनाया जिससे उसे फायदा हुआ और उसकी टीम 4-1 से जीत हासिल करने में सफल रही। भारत ने पुणे में खेले गए चौथे मैच में लगातार विकेट गंवाने के बावजूद अपना आक्रामक रवैया बरकरार रखा और आखिर में नौ विकेट पर 181 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर खड़ा किया।

### अहलावत बहरीन में 49वें स्थान पर रहे

**बहरीन।** भारतीय गोल्फ खिलाड़ी वीर अहलावत चौथे और अंतिम दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेल कर 2025 बहरीन चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 49वें स्थान पर रहे।



अहलावत का कुल स्कोर चार अंडर का रहा। उन्होंने इससे शुरुआती तीन चरण में 70-70-73 के कार्ड खेले थे। इस 28 साल के खिलाड़ी ने आखिरी चरण के दूसरे, आठवें, नौवें और 17 होल में बर्डी लगायी। उन्होंने तीसरे, 13वें और 16वें होल में बोगी की। वह इससे पहले रास अल खेमाह में संयुक्त 27वें स्थान पर थे। वह अगले सप्ताह कतर मास्टर्स में चुनौती पेश करेंगे।

### केपटाउन ने प्रिटोरिया को 95 रन से हराया

**केपटाउन।** एमआई केपटाउन ने अपने घरेलू मैदान न्यूलैंड्स में विजय अभियान जारी रखते हुए प्रिटोरिया कैपिटल्स को 95 रन से शिकस्त देकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। एमआई केपटाउन की यह घरेलू मैदान पर लगातार पांचवीं जीत है जिससे उसने बोनस अंक हासिल करके अपने कुल अंक की संख्या 35 पहुंचाई जो लीग चरण का रिकॉर्ड है।

## महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप में भारतीय सितारों का दिखा जलवा

# वर्ल्ड चैंपियन तृषा, जी कमलिनी, आयुषी वैष्णवी ने विश्व कप टीम में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत ने आईसीसी महिला अंडर-19 विश्व कप में चैंपियन बनने के बाद इस टूर्नामेंट की टीम में भी अपना दबदबा बनाया तथा जी तृषा सहित उसकी चार खिलाड़ियों को इसमें जगह मिली है। भारत ने रविवार को यहां फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर अपने खिताब का बचाव किया जो उसने 2023 में पहली बार जीता था।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के बयान के अनुसार टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई तृषा, उनकी सलामी जोड़ीदार जी कमलिनी के साथ-साथ वैष्णवी शर्मा और आयुषी शुक्ला की बाएं हाथ की स्पिन जोड़ी ने टीम में जगह बनाई है। दक्षिण अफ्रीका की जेम्मा बोथा, इंग्लैंड की डेविना पेरिन और ऑस्ट्रेलिया की काओइमहे ब्रे को भी टीम में जगह मिली है।



### आयुषी शुक्ला 14 विकेट

क्रिकेट में कहावत है कि गेंदबाज जोड़ी बनाकर शिकार करते हैं और आयुषी ने मलेशिया के खिलाफ वैष्णवी साथ इसी तरह का कारनामा किया। उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ आठ रन देकर चार विकेट लिये। आयुषी ने सात मैचों में कुल 14 विकेट लिए।

### गोंगडी त्रिशा : 309 रन

भारतीय टीम की सफलता में सबसे बड़ा योगदान सलामी बल्लेबाज त्रिशा का रहा। हैदराबाद की इस हरफनमौला खिलाड़ी ने 77.25 की औसत से 309 रन बनाकर टूर्नामेंट के एक सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने इस दौरान एक शतक भी जड़ा। त्रिशा ने बल्ले के साथ गेंद भी कमाल किया।

### जी कमलिनी : 143 रन

तमिलनाडु के बाएं हाथ की इस सलामी बल्लेबाज ने सात पारियों में 47.66 की औसत से 143 रन बनाए। वह इस विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में तीसरे स्थान पर रही। स्कॉटलैंड के खिलाफ सुपर सिक्स मुकाबले में कमालिनी ने 51 रनों की पारी खेली और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 56 रन बनाए। अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत के लिए 29 गेंदों में 44 रन की पारी खेलने के तुरंत बाद उन्हें डब्ल्यूपीएल नीलामी में शुरुआती सत्र की विजेता मुंबई इंडियंस ने 1.6 करोड़ रुपए में खरीदा था।

### वैष्णवी शर्मा : 17 विकेट

ग्वालियर की खब्बू गेंदबाज वैष्णवी ने 17 विकेट झटक कर महिला अंडर-19 विश्व कप के एक सत्र में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने का रिकॉर्ड कायम किया।उन्होंने शुरुआती मैच में मलेशिया के खिलाफ हैट्रिक के साथ पांच रन देकर पांच विकेट चटकाये। इस गेंदबाज ने श्रीलंका के खिलाफ तीन रन देकर एक , बांग्लादेश के खिलाफ 15 रन देकर तीन, स्कॉटलैंड के खिलाफ पांच रन देकर तीन, इंग्लैंड के खिलाफ 23 रन देकर तीन और फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 23 रन देकर दो विकेट लिए।

### सानिका चालके : विजयी चौका

मुंबई की सानिका रविवार को विजयी रन बनाने वाली खिलाड़ी थीं। उन्होंने मोनालिसा लेगोडी की गेंद पर चौका लगाकर भारत को खिताबी जीत दिलाई। टीम की उपकप्तान सानिका ने मध्य क्रम में महत्वपूर्ण पारियों के साथ भारतीय सलामी बल्लेबाजों का अच्छे से समर्थन किया।

### पारुणिका सिसोदिया: 10 विकेट

इस विश्व कप में भारतीयों ने गेंदबाजी में जो दबदबा कायम किया उसमें वैष्णवी और आयुषी के साथ पारुणिका ने भी अहम भूमिका निभाई। इस वामहस्त स्पिनर ने टूर्नामेंट में 10 विकेट चटकाये। डब्ल्यूपीएल में गुजरात जायंट्स की टीम से जुड़ने वाली इस गेंदबाज ने सेमीफाइनल में छह रन देकर दो और फाइनल में 21 रन देकर तीन विकेट चटकाये। वह टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में चौथे स्थान पर रही।

### वीजे जोशीता: शानदार गेंदबाजी

केरल की जोशीता शुरुआती ओवरों में प्रतिद्वंद्वी टीमों के बल्लेबाजों को रन बनाने का मौका नहीं दिया। उन्होंने छह मैचों में छह विकेट चटकाए।

### शबनम शकील: चार विकेट

विशाखापत्तनम की 17 वर्षीय शबनम दक्षिण अफ्रीका में खेले गए पिछले विश्व कप विजेता अभियान की सदस्य थी। उन्होंने नई गेंद से शानदार गेंदबाजी करते हुए सात मैचों में चार विकेट लिए।

## निशानेबाजी

# सामरा, एंथोनी ने राष्ट्रीय खेलों में जीते स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| देहरादून

पंजाब की सिफत कौर सामरा और कर्नाटक के जोनाथन एंथोनी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में सोमवार को यहां क्रमशः महिलाओं के 50 मीटर थ्री पोजीशन और पुरुषों के 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता 23 साल की सिफत ने यहां महाराणा प्रताप कॉलेज में हुए फाइनल में 461.2 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

पेरिस ओलंपिक में फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही सिफत ने कहा, 'यह मेरे लिए ओलंपिक के बाद यह वापसी जैसा है। मैंने ओलंपिक के बाद ब्रेक नहीं लिया था और अपना अभ्यास जारी रखा था। ऐसे में आज स्वर्ण पदक जीतने का अनुभव खास है।'


इस स्पर्धा में उनके राज्य की साथी अंजुम मोदगिल ने 458.7 अंक के साथ रजत जबकि तेलंगाना की सुरभि भारद्वाज रापोले ने 448.8 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। पुरुषों के 10 मीटर पिस्टल फाइनल में एंथोनी ने धैर्य और एकाग्रता का नमूना पेश करते हुए स्वर्ण पदक जीता। सेना खेल संवर्धन बोर्ड के रविंद्र सिंह ने रजत जबकि गुरप्रीत सिंह ने कांस्य पदक अपने नाम किए।

### मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि पदक जीतूंगा

मणिपुर के दोहरे स्वर्ण पदक विजेता ट्रायथलीट 17 वर्षीय सरुंगबाम अथौबा मैतेई ने राष्ट्रीय खेलों में अपनी दोहरी सफलता पर कहा कि 'यह अप्रत्याशित था'। इम्फाल के एक छोटे से इलाके सिंगजामेई चिंगमाथक के इस किशोर को यकीन ही नहीं हो रहा है कि उन्होंने उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेलों में क्या हासिल किया है। अथौबा ने जज्बे और दृढ़ संकल्प का शानदार नजारा पेश करते हुए पुरुषों की व्यक्तिगत ट्रायथलन में खेलों का पहला स्वर्ण जीता और उसके बाद पुरुषों की व्यक्तिगत डुएथलन में दूसरा स्वर्ण जीता। अथौबा ने पीटीआई से बात करते हुए कहा, 'मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं पदक जीतूंगा।'

## फुटबॉल

# सिटी और यूनाइटेड की ईपीएल में शर्मनाक हार



एजेंसी ▶▶| लंदन

मैनचेस्टर सिटी और मैनचेस्टर यूनाइटेड का इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और इन दोनों दिग्गज टीमों को अपने-अपने मैच में हार का सामना करना पड़ा।

मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल के खिलाफ दूसरे मिनट में ही गोल खा दिया था। इसके बाद उसने दूसरे हाफ में चार गोल गंवाए जिससे उसकी टीम को आर्सेनल से 5-1 से करारी हार मिली। मैनचेस्टर यूनाइटेड का अपने घरेलू मैदान पर खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह क्रिस्टल पैलेस से 2-0 से हार गया। यह मौजूदा सत्र में ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रीमियर लीग के 13 मैच में उसकी सातवीं हार है। यह उसका 1890 के बाद किसी एक सत्र में अपने घरेलू मैदान पर सबसे खराब प्रदर्शन है। आर्सेनल ने मैनचेस्टर सिटी पर जीत से दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके और शीर्ष पर काबिज लिवरपूल के बीच अब केवल छह अंक का अंतर रह गया है। मैनचेस्टर सिटी की लगातार पांचवें प्रीमियर लीग खिताब जीतने की संभावना लगभग खत्म हो गई है क्योंकि वह लिवरपूल से 15 अंक पीछे है जबकि अब केवल 14 मैच शेष बचे हैं।

## अभिषेक की पारी 'क्लीन हिटिंग' का उदाहरण



**मुंबई।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की जमकर तारीफ करते हुए उनकी यहां पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेली गई 54 गेंद पर 135 रन की तूफानी पारी को 'क्लीन हिटिंग' का बेहतरीन उदाहरण बताया। अभिषेक ने 37 गेंद पर अपना शतक पूरा किया जो इस प्रारूप में भारत की तरफ से दूसरा सबसे तेज सैकड़ा है। बटलर ने मैच के बाद कहा, 'निश्चित रूप से हम इस तरह के परिणाम से बहुत निराश हैं। भारत ने शानदार बल्लेबाजी की। मुझे लगता है कि इसका श्रेय अभिषेक शर्मा को जाता है। उनकी यह पारी 'क्लीन हिटिंग' के सर्वश्रेष्ठ उदाहरणों में से एक है।'

## सैमसन की अंगुली में फ्रेक्चर पांच सप्ताह के लिए बाहर

**नई दिल्ली।** स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन की तर्जनी अंगुली में फ्रेक्चर हो गया है जिसके कारण वह एक महीने से अधिक समय तक क्रिकेट से दूर रहेंगे और आगामी रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में भी नहीं खेल पाएंगे। उन्हें मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंगुली में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गेंद लगी थी। पता चला है कि सैमसन तिरुवनंतपुरम लौट गए हैं और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद ही ट्रेनिंग शुरू करेंगे। प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में वापसी से पहले उन्हें एनसीए की मंजूरी की जरूरत होगी। मामले की जानकारी रखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने बताया, 'सैमसन की दाहिनी तर्जनी अंगुली में फ्रेक्चर हो गया है। उन्हें नेट पर अभ्यास शुरू करने में पांच से छह सप्ताह लगेंगे। इसलिए उनके आठ से 12 फरवरी तक पुणे में केरल के लिए रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में खेलने की कोई संभावना नहीं है।'



# यूपी वॉरियर्स ने हीली की जगह चिनेले को चुना

## महिला प्रीमियर लीग : हीथर और गार्थ आरसीबी की टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




यूपी वारियर्स ने 14 फरवरी से बड़ोदरा में शुरू होने वाले महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चोटिल एलिसा हीली के स्थान पर वेस्टइंडीज की चिनेले हेनरी को अपनी टीम में शामिल किया है। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान हीली पैर की चोट के कारण डब्लूपीएल के तीसरे सत्र में नहीं खेल पाएंगी।

हेनरी ने वेस्टइंडीज की तरफ से अभी तक 62 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसे उन्होंने 473 रन बनाने के अलावा 22 विकेट भी लिए हैं। वॉरियर्स ने 30 लाख रुपए के आधार मूल्य पर उन्हें अपनी टीम से जोड़ा है। इस बीच गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सोफी डिवाइन और केट क्रॉस की जगह हीथर ग्राहम और किम गार्थ को अपनी टीम में लिया है। डिवाइन और क्रॉस ने व्यक्तिगत कारणों से इस साल डब्ल्यूपीएल से हटने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड की 35 वर्षीय खिलाड़ी डिवाइन ने खेल से अनिश्चितकालीन ब्रेक लिया है। इंग्लैंड की ऑलराउंडर क्रॉस पीठ की चोट से उबर रही हैं। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्राहम ने पांच टी20 मैच खेले हैं और आठ विकेट लिए हैं। गार्थ ने 56 वनडे और चार टेस्ट के अलावा 59 टी20 में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया है। वह डब्ल्यूपीएल में पहले गुजरात जॉइंट्स की तरफ से खेल चुकी है। आरसीबी ने इन दोनों खिलाड़ियों को 30-30 लाख रुपये के आधार मूल्य में अपनी टीम से जोड़ा है।

## डेविस कप में ऐतिहासिक जीत के बाद रायपुर लौटे भारतीय टीम के मैनेजर होरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ टेनिस एसोसिएशन के महासचिव व डेविस कप में भारतीय टीम के मैनेजर गुरुचरण सिंह होरा 1 और 2 फरवरी को नई दिल्ली के डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में आयोजित डेविस कप में शामिल हुए।



इस दौरान एकल, उलट एकल और अंतिम उलट के चार मुकाबले खेले गए। इस मुकाबले में मैनेजर गुरुचरण सिंह होरा के नेतृत्व में भारतीय टीम ने टोगो के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दर्ज की और पूरी दुनिया में भारत देश का नाम गौरवान्वित किया। सोमवार को मैनेजर गुरुचरण सिंह होरा दिल्ली प्रवास से वापस रायपुर पहुंचे, जहां रायपुर एयरपोर्ट में मैनजेर होरा का भव्य स्वागत किया गया।


इस ऐतिहासिक जीत पर छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया, आल इंडिया बैडमिंटन एसो के महासचिव संजय मिश्रा, डॉ. हिमांशु द्विवेदी, ओलंपिक संघ से शरद शुक्ला, मोहम्मद अकरम ख़ान, विजय अग्रवाल, रूपेंद्र सिंह चौहान, अतुल शुक्ला, अवतार सिंह जुनेजा, चरणजीत ओबराय, प्रदीप माथनी, सुनील सुराना ने श्री होरा को बधाई दी।







# सरसों के दाने पर बना दी 'मां सरस्वती'



**नदिया।** पश्चिम बंगाल के नवद्वीप के प्रतापनगर इलाके के कलाकार गौतम साहा, जो पेशे से एक आर्ट टीचर हैं, ने अपनी सूक्ष्म कला से फिर सबको हैरान कर दिया। गौतम साहा ने बताया कि पिछले साल उन्होंने 8 मिलीमीटर की देवी सरस्वती की मूर्ति बनाई थी, इस बार उस रिकॉर्ड को तोड़ते हुए एक सरसों के दाने पर 5.5 मिलीमीटर की देवी सरस्वती की मूर्ति बनाकर मां सरस्वती के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की है। नवद्वीप शहर के प्रतापनगर इलाके के निवासी गौतम साहा, उम्र लगभग 57 साल, पेशे से एक आर्ट टीचर हैं। जानकारी के अनुसार, उनके पिता आकाशवाणी के गीतकार और शिक्षक थे। परिवार में पत्नी, बच्चे और दो बहनें हैं, जो लेखन, संगीत और शिक्षा से जुड़ी हैं। एक तरह से शिक्षा और कला से भरे परिवार से आए शिक्षक गौतम साहा।

- **गौतम साहा की कला से सब हैरान!**

### कई देवी-देवताओं और महान व्यक्तियों की मूर्तियां बनाई

उन्होंने बताया कि पिछले लॉकडाउन के समय से उन्होंने इस सूक्ष्म कला और सृजन का काम शुरू किया। पहले भी उन्होंने कभी मूंग दाल, कभी धान, कभी चॉक या चावल पर मिट्टी और रंग से मां काली, रवींद्रनाथ ठाकुर, महाप्रभु सहित विभिन्न देवी-देवताओं और महान व्यक्तियों की मूर्तियां बनाई हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने अपने घर में अपनी निपुण कला से सीमेंट से रवींद्रनाथ ठाकुर की पूर्ण आकार की मूर्ति से लेकर विभिन्न महान व्यक्तियों की मूर्तियों से सजाया है, जिसे एक छोटा सा खुला म्यूजियम भी कहा जा सकता है। पिछले 15 दिनों से दिन-रात एक करके उन्होंने इस बार एक सरसों के दाने पर 5.5 मिलीमीटर की मां सरस्वती की मूर्ति बनाई है। इसे बनाने में मिट्टी और रंग का उपयोग किया गया है।

## गैलक्सी : जेम्स वेब से भी ताकतवर होगी नासा की नजर


# आ गया स्पेस का 'सूरमा' आंखों से कुछ भी बच नहीं पाएगा

एजेंसी ▸▸| वॉशिंगटन

स्पेस एजेंसी नासा जल्द इस फरवरी के महीने अपने एक और शक्तिशाली टेलीस्कोप को लॉन्च करने जा रही है। स्फीयरएक्स नाम का यह टेलीस्कोप पूरे आसमान को इंफ्रारेड लाइट में स्कैन करेगा। यह मिशन वैज्ञानिकों को तारों की संरचना, ब्रह्नांड की उत्पत्ति और जीवन के लिए जरूरी तत्वों की खोज करने में काफी मदद करेगा। वहीं, इस मिशन से हमें गैलक्सी से जुड़े कई रहस्यों के बारे में काफी जानकारी मिलेगी।

### कब और कैसे लॉन्च होगा टेलीस्कोप?

स्फीयरएक्स स्पेस ऑब्जर्वेट्री 27 फरवरी को लॉन्च किया जाएगा। कैलिफोर्निया के वैंडनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से इसे भेजा जाएगा। यह टेलीस्कोप स्पेस एक्स के फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए स्पेस तक पहुंचेगा। वहीं, लॉन्चिंग के बाद स्फीयरएक्स टेलीस्कोप पृथ्वी की कक्षा में रहकर पूरे आसमान का मैप तैयार करेगा। टेलीस्कोप को खासतौर पर इंफ्रारेड लाइट पर काम करने के लिए ही डिजाइन किया गया है।



### टेलीस्कोप की खासियत

स्फीयरएक्स टेलीस्कोप पूरे आसमान में 102 अलग-अलग इंफ्रारेड कलर में मैप करके फैले हुए 45 करोड़ से ज्यादा गैलक्सी की स्टडी करेगा। इस डाटा का इस्तेमाल करके वैज्ञानिक ब्रह्नांड में लाइट के सभी तरह के सोर्स का अच्छे से विश्लेषण कर पाएंगे। टेलीस्कोप ऑब्जर्वेट्री गैस और धूल के बादलों में मौजूद कार्बनडाइऑक्साइड और पानी जैसे जरूरी तत्वों की भा जांच करेगा। जीवन जीने के लिए जरूरी इन तत्वों की जांच करने से सौरमंडल के बाहर जीवन की संभावना के बारे में काफी कुछ पता चल सकता है।

### रहस्यों का लगाएगा पता

बाकी टेलीस्कोप के मुकाबले स्फीयरएक्स पूरे आसमान को स्कैन करने में सक्षम है। एक ओर जहां हबल और जेम्स बेव टेलीस्कोप कुछ विशेष लक्ष्यों पर ही फोकस करते हैं तो, वहीं स्फीयरएक्स टेलीस्कोप पूरे ब्रह्मांड का विस्तृत चित्र तैयार करेगा। यह 3डी मैप का इस्तेमाल करेगा, जिससे वैज्ञानिकों को यह समझने में आसानी होगी कि गैलक्सी आसमान में कैसे फैली हैं और वे वक्त के साथ कैसे विकसित हुईं। इसके अलावा यह मिशन यूनिवर्स में मौजूद डार्क एनर्जी और डार्क मैटर के रहस्य को भी जांच करने में मदद करेगा।

# ब्राजील में मकड़ियों से भर गया आसमान, लोग हो गए हैरान

**ब्रासीलिया।** सोचिए अचानक आसमान से पानी की बजाय मकड़ियों की बारिश होने लगे तो आप इसे करिश्मा नहीं क्या मानेंगे। हाल ही में ऐसा ही हुआ है। ब्राजील के साओ थोमे दास लेत्रास में एक चौंकाने वाला नजारा देखने को मिला जब सैकड़ों मकड़े आसमान से गिरते हुए दिखाई दिए. यह दृश्य किसी हॉरर फिल्म के सीन जैसा लग रहा था जिसे कैमरे में कैद कर सोशल मीडिया पर शेयर किया गया. वीडियो वायरल होते ही लोगों के बीच जिज्ञासा बढ़ गई और कई लोगों ने इसे कुदरत का अनोखा करिश्मा बताया.



### आसमान से गिरने का कारण

हालांकि, यह नजारा जितना डरावना दिखता है उतना ही सामान्य भी है। विशेषज्ञों के मुताबिक मकड़ों के इस तरह आसमान से गिरने का कारण उनका विशाल जाल होता है, जिसमें सैकड़ों मकड़े एक साथ प्रजनन प्रक्रिया में लगे होते हैं। इंटरनेशनल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बायोलॉजिस्ट ने बताया कि ये मकड़े एक खास प्रकार की प्रजनन क्रिया में शामिल होते हैं और जब यह प्रक्रिया खत्म होती है तो वे खुद को जाल से छोड़ देते हैं, जिससे ऐसा लगता है जैसे वे आसमान से गिर रहे हैं।

### मकड़ों की सामूहिक प्रजनन प्रक्रिया

पासोस ने समझाया यह मकड़ों की सामूहिक प्रजनन प्रक्रिया है। मादा मकड़ियां 'स्पर्माथिका' नामक अंग में कई नर मकड़ों के वीर्य को इकट्ठा करके रखती हैं, जिससे वे कई बार अंडे दे सकती हैं और अपनी प्रजाति की विविधता को बढ़ा सकती हैं। उन्होंने आगे बताया कि मादा मकड़ियां सिर्फ एक बार नहीं, बल्कि कई बार अंडे देने के लिए पुरुष मकड़ों के वीर्य को लंबे समय तक संचित कर सकती हैं।



Ajay Advt.




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com